शनिवार
18 मई 2024
# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज

पूर्व मंत्री शहनवाज हुसैन तेजस्वी पर बरसे 2



## पेड़ से टकराई कार, जुड़वा भाई बहन समेत 5 की मौत, 5 घायल

### आरा से देवघर जाने के दौरान हुआ दर्दनाक हादसा

**केटी न्यूज/जमुई**

जमुई जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के चकाई-देवघर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से बुरी तरह से टकरा गई। इस हादसे में दो जुड़वा भाई-बहन, उनकी मां, नानी व एक अन्य महिला सहित पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का चकाई और देवघर अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे में नागेंद्र राम की तीस वर्षीय पत्नी नेहा देवी, पांच वर्षीय पुत्र अभिनंदन, पांच साल की पुत्री नंदनी, कोयल गांव निवासी 50 वर्षीय सास सुमित्रा देवी और रोहतास के कैथी गांव निवासी बबुनी देवी की मौत हो गई। यह सभी लोग मुंडन संस्कार करने के लिए आरा जिला के नवादा गांव से देवघर जा रहे थे। तभी चकाई देवघर मुख्य मार्ग के बसबुटिया गांव स्थित राधाकृष्ण ढाबा के समीप यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि देवघर बाबाधाम जाने के दौरान ही चालक को नींद आने के कारण कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। चालक रोहित कुमार ने बताया की नींद आ जाने के कारण कार पेड़ से टकरा गई। हादसा सुबह करीब 4.30 में हुआ।

-संबंधित खबर पेज 4 पर भी

## पटना में स्कूल के गटर में मिली मासूम की लाश, लोगों ने की तोड़फोड़

- दीघा स्थित टिनी टॉट एकेडमी का मामला
- परिजनों ने स्कूल प्रशासन पर ही हत्या कर लाश गटर में फेंकने का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**








पटना के दीघा स्थित प्राइवेट स्कूल के गटर में एक चार वर्षीय छात्र की लाश मिलने के बाद बवाल मच गया। घटना के बाद गुस्साए परिजनों और लोगों ने दानापुर-पटना मार्ग पर जाम लगा दिया। सड़कों पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही लोगों ने स्कूल में भी घुसकर तोड़फोड़ की और स्कूल के कई कमरों में आग लगा दी। स्कूल में खड़ी बसों और अन्य वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया। छात्र की हत्या के बाद परिजनों ने स्कूल प्रशासन पर ही हत्या कर लाश गटर में फेंकने का आरोप लगाया है।

चार वर्षीय आयुष की मौत को लेकर परिजनों का आरोप है कि उनके बेटे की हत्या हुई है। परिजनों ने बताया कि बीते गुरुवार की सुबह आयुष अपने घर से दीघा स्थित स्कूल (टिनी टॉट एकेडमी) पहुंचा था। लेकिन शाम के समय जब आयुष समय से घर नहीं लौटा तो परिजनों ने स्कूल के प्रिंसिपल को फोन करके इस बात की जानकारी दी। प्रिंसिपल ने स्कूल के ड्राइवर को बुलाया तो उसने कहा कि हमने सभी बच्चों को घर पहुंचा दिया था। लेकिन जब परिजनों ने इसके बाद स्कूल का सीसीटीवी फुटेज देखा तो आयुष दोपहर में स्कूल में दिखा। जिसके बाद के सीसीटीवी फुटेज कई जगह से गायब मिले हैं।

परिजनों के बवाल करने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन और आक्रोशित सभी लोग हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि स्कूल के गटर में चार साल के मासूम छात्र का शव मिलने के बाद सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर गए और बवाल किया। दीघा के रामजी चक निवासी शैलेंद्र राय के पुत्र आयुष (4) की मौत हुई है। मामले में स्कूल प्रबंधन से पूछताछ करते हुए जांच की जा रही है।

### प्रधानमंत्री ने बाराबंकी लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित

## मोदी बोले... कांग्रेस अगर सत्ता में आई तो राममंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी

- बोले- राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटना चाहती है कांग्रेस
- बोले, जब लोग रामलला को टेंट में देखते थे तो सरकार को देते थे गाली
- कहा- मोदी हिन्दू-मुसलमान नहीं करता, इंडी गठबंधन के पापों का इतिहास बताता है

**केटी न्यूज/बाराबंकी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस आई तो राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राममंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन को नसीहत भी दी कि उन्हें योगी जी से ट्यूशन लेना चाहिए कि कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं। पीएम मोदी शुक्रवार को यहां जैदपुर मार्ग के समीप विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपके एक वोट की ताकत ने 500 साल के इंतजार को खत्म करके भव्य राममंदिर में श्रीरामलला को विराजमान कराया। कहा कि पहले जब लोग रामलला को टेंट में देखते थे तो सरकार को भद्दी भद्दी गालियां देते थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि योगी जी के ओडीओपी मिशन से अब मुझे विदेश जाते वक्त गिफ्ट लेने के लिए चिंता नहीं करनी पड़ती। उन्होंने कहा कि यूपी में जो 'सफाई अभियान' योगी जी ने चलाया है, उसके कारण यहां निवेश का माहौल बना है।




### मोदी को गाली नहीं, क्षेत्र का विकास करने वाला सांसद चाहिए

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऊटपटांग खिचड़ी को आप लोग वोट देकर अपना वोट बर्बाद न करें। भाजपा का सांसद होगा तो दिल्ली और लखनऊ से योजनाएं लेकर आएगा। अगर इंडी गठबंधन का सांसद होगा तो उसका मापदंड होगा कि उसने मोदी को कितनी गाली दी। 5 साल मोदी को गाली नहीं, क्षेत्र का विकास करने वाला सांसद चाहिए। इसके लिए आपके पास एक ही विकल्प है ओनली कमल। बाराबंकी से राजरानी रावत और मोहनलालगंज से कौशल किशोर को हर बूथ पर विजयी बनाना है।

**दमदार सरकार बनानी है और दमदार फैसले भी लेने हैं:** प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश में दमदार सरकार होती है तो फर्क भी साफ साफ दिखता है। कमजोर सरकार का पूरा फोकस इस बात पर होता है कि किसी तरह उनकी गाड़ी चलती रहे। भाजपा की दमदार सरकार का मतलब क्या होता है, ये हमारा अवध क्षेत्र बेहतर जानता है। आज रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं जोकि इतिहास की बहुत बड़ी घटना है। ये मोदी के कारण नहीं, बल्कि आपके एक वोट के कारण हुआ है। कमल के निशान पर बटन दबाकर आगे भी ये दमदार सरकार बनानी है और दमदार फैसले भी लेने हैं।

### आपके अधिकारों की रक्षा के लिए 400 पार मांगता हूं

मोदी ने कहा कि जब संविधान बन रहा था तो बाबा साहब धर्म के आधार पर आरक्षण के सबसे बड़े विरोधी थे। यहां तक कि इनके परनाना ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था। कर्नाटक में जितने मुसलमान थे उन सभी को रातों रात ओबीसी बना दिया। क्या एससी, एसटी, ओबीसी का हक आप इन्हें छीनने देंगे। पीएम ने कहा कि बिहार में चारा घोटाला के जो चैंपियन हैं, जिन्हें अदालत ने सजा दी है और तबियत के बहाने बाहर घूम रहे हैं, वो कहते हैं कि पूरा आरक्षण मुसलमानों को देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आपके अधिकारों की रक्षा के लिए 400 पार मांगता हूं। कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि आपकी कमाई का एक्स-रे करेंगे। मतलब आपके लॉकर में क्या है, जमीन कितनी है, गहने कितने हैं, सोना कितना है, चांदी कितनी है, आपके मंगलसूत्र कहां है। वो लूट चलाना चाहते हैं। सपा, कांग्रेस तुष्टिकरण के आगे घुटने टेक चुकी है। मोदी जब ये सच्चाई देश को बता रहा है, उनकी बेइमानी, सांप्रदायिकता, हिन्दू मुसलमान करने को बेनकाब कर रहा है तो कहते हैं कि मोदी हिन्दू मुसलमान करता है। मोदी तो उनके पापों का इतिहास देश को बताने के लिए ऐसा करता है।

## रायबरेली में बोलीं सोनिया... मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं, राहुल आपको निराश नहीं करेंगे

**एजेंसी/रायबरेली**

कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली में एक जनसभा में भावुक अपील करते हुए कहा कि मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली में एक संयुक्त जनसभा में कहा, 'रायबरेली के मेरे परिवारजनों, मुझे खुशी है कि आज काफी समय के बाद आपके बीच आने का मौका मिला है। मैं हृदय से आपकी आभारी हूं। आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है। 20 साल तक एक सांसद के रूप में आपने मुझे सेवा का मौका दिया। ये मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली मेरा परिवार है, वैसे ही अमेठी भी मेरा घर है। यहां से न केवल मेरे जीवन की कोमल यादें जुड़ी हुई हैं, बल्कि पिछले 100 साल से हमारे परिवार की जड़ इस मिट्टी से जुड़ी हुई है।

दूसरी तरफ अखिलेश यादव ने मनोज पांडेय पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि हमारा दूसरा धोखेबाज भी वहीं चला गया है। जो अभी-अभी धोखेबाज गया है, उसकी एक खासियत है कि वो जहां जाता है, वहीं गड्ढा खोदता है। इसलिए सावधान रहिए। आपके एक वोट से इन धोखेबाजों से भी हिसाब-किताब होगा। एक देश के झूठे नेता हैं, जहां जाते हैं, वो रिश्ता निकाल लेते हैं, उनको समझना चाहिए रायबरेली से राहुल का सच्चा रिश्ता है और रा से रायबरेली और रा से राहुल होता है।



### सबका आदर करो, कमजोर की रक्षा करो

सोनिया गांधी ने कहा कि गंगा मां की तरह पवित्र यह रिश्ता अवध और रायबरेली के किसान आंदोलन के साथ शुरू हुआ, जो आज तक कायम है। इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। मैंने उन्हें काम करते हुए करीब से देखा है। उनके मन में आपके लिए असीम लगाव था। राहुल और प्रियंका को भी वही शिक्षा दी है, जो इंदिरा जी और रायबरेली की जनता ने मुझे दी। सबका आदर करो, कमजोर की रक्षा करो। अन्याय के खिलाफ जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए, जिससे भी लड़ना पड़े, लड़ जाओ। उन्होंने कहा कि डरना मत क्योंकि संघर्ष की तुम्हारी जड़ें और परंपराएं बहुत मजबूत हैं। मेरा आंचल जीवन भर आपके आशीर्वाद और प्रेम से भरा रहा है। आपके प्रेम ने मुझे कभी अकेला नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका ही दिया हुआ है। कहा कि इस सभा में आने के लिए आप सभी का दिल से धन्यवाद। सभा में राहुल गांधी ने कहा कि मैं कहता हूं कि खटाखट पैसे डलवाऊंगा, तो मोदी जी भी खटाखट-खटाखट करने लगते हैं। प्रधानमंत्री बोलते हैं ताली बजाओ, तो मीडिया वाले वाह-वाह करते हैं। अगले ही दिन पीएम मोदी दोनों की बात करते हैं। अब मैं मोदी जी से वो सब कुछ बुलवा सकता हूं। वे अपनी हार मान चुके हैं।

## जब लोग केजरीवाल को देखेंगे, तो उनके सामने बोतलें भी दिखेंगी: शाह

**एजेंसी/नई दिल्ली**

गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिये एक इंटरव्यू में सीएम केजरीवाल से जुड़े सवाल पर कहा, एक मतदाता के रूप में मेरा मानना है कि वह जहां भी चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे, लोग शराब घोटाले को याद रखेंगे, यहां तक कि पंजाब में भी। जब लोग केजरीवाल को देखेंगे, तो उनके सामने बोतलें भी दिखेंगी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि सीएम केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मिलने से इंडिया गठबंधन को कोई फायदा होगा। कोर्ट के फैसले पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इसे आप और अरविंद केजरीवाल की जीत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष उनकी याचिका क्या थी? उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी अवैध थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे खारिज कर दिया। फिर उन्होंने अपनी याचिका में संशोधन किया और जमानत मांगी, अदालत ने उसे भी खारिज कर दिया। बता दें कि ईडी का आरोप है कि दिल्ली शराब नीति 2021-22 ने थोक विक्रेताओं के लिए 12 प्रतिशत और खुदरा विक्रेताओं के लिए लगभग 185 प्रतिशत का असाधारण उच्च लाभ मार्जिन प्रदान किया।

## सारण से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्या के नामांकन को रद्द करने के लिए पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर

**केटी न्यूज/पटना**

सारण लोक सभा से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्या के नामांकन को रद्द करने के लिए पटना हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने अपनी रिट याचिका के जरिये रिर्टनिंग ऑफिसर द्वारा रोहिणी आचार्या के नामांकन को स्वीकृत करने को पटना हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाकर्ता का कहना है कि रोहिणी आचार्या के पासपोर्ट की कोई जांच नहीं की गई है कि वह सात वर्षों से अधिक से सिंगापुर में रहते हुए वहा? की नागरिकता प्राप्त की है या नहीं? याचिकाकर्ता ने भारत की नागरिकता पर भी सवाल उठाया है। उसने ये दलील दी है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 84 एवं 102 के तहत लोक सभा चुनाव लड़ने में वह अयोग्य है। अतः उनका नामांकन रद्द किया जाना चाहिए था।

अब इस पर रोहिणी आचार्य की प्रतिक्रिया सामने आई है। रोहिणी आचार्य ने शुक्रवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने विरोधियों पर निशाना साधते हुए पोस्ट किया है। रोहिणी ने लिखा है कि पराजय की प्रबल संभावना से विरोधी परेशान हैं। प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी मेरे नामांकन के संदर्भ में भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। रोहिणी आचार्य ने आगे लिखा कि, सारण की जनता, मालिक करेगी झूठ-फरेब के कारोबारी को परास्त, जब सारण की जनता जनार्दन है सच के और मेरे साथ तो नहीं सफल होगा सारण में प्रपंच-षडयंत्र का कोई भी कुत्सित प्रयास।

वहीं आगे अपने पोस्ट में रोहिणी आचार्य ने लिखा कि, जब सारण खड़ा है, मजबूती से अपनी इस बेटी-बहन के साथ तो सफल नहीं होने वाला है कोई भी झूठा भ्रामक प्रचार। आप सबों से अनुरोध है कि अफवाहों को करें नजरअंदाज और झूठ के कारोबारी को हर हाल में करें परास्त।




### उत्तराखंड सरकार ने अनचाही भीड़ को देखते हुए लिया सख्त फैसला

## चारों धामों के मंदिर परिसर में रील्स और वीडियो बनाने पर रोक

**एजेंसी/देहरादून**

चारधाम की यात्रा इन दिनों भक्ति का विषय कम सोशल मीडिया पर दिखावे की चीज ज्यादा हो गई है। हर दूसरा कंटेंट क्रिएटर रील बनाने के लिए चार धाम की यात्रा पर पहुंच रहा है, जिसके चलते अनचाही भीड़ देखने को मिल रही है और इसके कारण श्रद्धा-भक्ति के भाव से धाम पर दर्शन करने जा रहे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब कभी आप केदारनाथ, बदरीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम पर पहुंचेंगे तो वहां मौजूद लोगों के हाथ जोड़े हुए कम मोबाइल से वीडियो बनाते हुए ज्यादा दिखेंगे। इसी वजह से राज्य की धामी सरकार ने सख्त रवैया अपनाते हुए निर्देश जारी किया है चारों धामों में मंदिर परिसर के 50 मीटर के दायरे में सोशल मीडिया हेतु रील बनाने या वीडियोग्राफी करने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने एक आदेश जारी कर चार धाम मंदिरों के 50 मीटर के दायरे में वीडियो और रील बनाने पर रोक लगा दी गई है। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यात्रा के दौरान मोबाइल फोन ले जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। दरअसल वीडियो और रील्स बनाने पर प्रतिबंध का फैसला तब आया है जब कई पुजारियों और स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि ऐसी गतिविधियां पारंपरिक मानदंडों का उल्लंघन करती हैं। राधा रतूड़ी ने संस्कृति एवं धार्मिक मामलों के सचिव को पत्र लिखकर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है।



**वीआईपी दर्शन पर 31 मई तक रोक:** इसके अलावा, चार धाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वीआईपी दर्शन पर प्रतिबंध 31 मई तक बढ़ा दिया है ताकि सभी भक्त आसानी से चारों धामों के दर्शन कर सकें। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को सूचित किया है कि तीर्थयात्रियों की अभूतपूर्व भीड़ को ध्यान में रखते हुए, 31 मई तक चार धाम में कोई वीआईपी दर्शन नहीं होगा।

### यूपी के सीएम ने बिहार के सारण में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं कांग्रेस और आरजेडी : योगी आदित्यनाथ

- कहा- हमने यूपी से किया माफिया का सफाया, अब वहां महोत्सव होते हैं
- बोले योगी, जातियों को लड़ाकर, आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ाकर सत्ता प्राप्त करना चाहता है इंडी गठबंधन
- सीएम योगी ने सारण की जनता का भोजपुरी में किया अभिवादन, जमकर लगे योगी योगी के नारे



**केटी न्यूज/सारण**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जहां एक तरफ मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल युग में प्रवेश कर रहा है वहीं कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग जातियों को लड़ाकर और आतंकवाद, नक्सलवाद एवं भ्रष्टाचार को बढ़ाकर सत्ता प्राप्त करना चाहता है। योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को यहां धौरहरा खुर्द में सारण लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के लिए जनता से वोट की अपील की।

**यूपी में भी माफिया नाम की बीमारी थी जिसे पूरी तरह से समाप्त किया जा चुका है:** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं भगवान श्रीराम की धरती से आपके बीच आया हूं। हम यूपी वाले बिहार को अपना ननिहाल मानते हैं, क्योंकि ये मां जानकी का मायका। कहा कि यूपी में भी माफिया नाम की बीमारी थी जिसे पूरी तरह से समाप्त किया जा चुका है, अब यूपी में महोत्सव होते हैं।

**...राउर लोगन क वंदन अभिनंदन कर तानी:** अपने संबोधन की शुरूआत योगी आदित्यनाथ ने भोजपुरी में करते हुए कहा कि महर्षि दधीचि और बाबा हरिनाथ की पवित्र धरती पर राउर लोगन क वंदन अभिनंदन कर तानी। उन्होंने कहा कि आज सीता प्राकट्य दिवस भी है। इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है कि इस अवसर पर मुझे सारण आने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरण हो चुके हैं। देश में चारों ओर एक ही नारा गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे।

**हमारे लिए राम के प्रति भक्ति और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का उद्घाटन हुआ तो सबसे पहला उपहार बिहार की जनता की ओर से आया था। उत्सव का माहौल जैसे अयोध्या में था वैसे ही बिहार और जनकपुर में था। अयोध्या और देश के महात्म्य को केवल वही समझ सकता है, जिसके मन में राम की भक्ति होगी। इसे रामद्रोही नहीं समझ सकते। क्योंकि उनके मन में एक ही भाव है कि जैसे भी हो देश की कीमत पर, जातियों को लडाकर, आतंकवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार को बढ़ाकर सत्ता प्राप्त करना है। हमारे लिए राम के प्रति भक्ति और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का भाव है।

**लालू संविधान की खिल्ली उड़ा रहे हैं:** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामनवमी, होली, दीपावली, शिवरात्रि, जनमाष्टमी और छठ में दंगा कराते थे। मैंने तय किया कि मोदी जी ने मुझे यूपी की बागडोर सौंपी है तो इन दंगाइयों को रसातल में पहुंचाउंगा। अब यूपी में 7 साल से कोई दंगा, कोई कर्फ्यू नहीं होता। माफिया भी समाप्त हो चुके हैं, अब वहां महोत्सव होते हैं। योगी ने लालू प्रसाद यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि भगवान करे लालूजी स्वस्थ्य रहें, मगर वो कहते हैं कि पिछड़ों का सभी आरक्षण मुसलमानों को दे देना चाहिए। ये संविधान को गाली दे रहे हैं, संविधान की खिल्ली उड़ा रहे हैं। बाबा साहब ने कहा था कि धर्म के आधार पर संविधान में आरक्षण नहीं दे सकते हैं। ये धर्म के आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं। योगी ने कहा कि 1970 में इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था। उनका पोता कह रहा है कि सम्पत्ति का सर्वे कराएंगे। कांग्रेस और आरजेडी वाले कब्जा करेंगे। इनमें औरंगजेब की आत्मा घुस गई है।

## उनको सिर्फ बेटिये हो रही थी, बेटवा नहीं हो रहा था, इसलिए नौ-नौ गो पैदा कर दियेः नीतीश कुमार



**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा चुनाव के चार चरण की वोटिंग संपन्न होने के बाद अब तमाम सियासी दलों ने पांचवें चरण की वोटिंग को लेकर अपना पूरा दमखम लगा दिया है। वोटर्स को गोलबंद करने के लिए नेता तरह-तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लालू फैमिली पर लगातार हमले बोल रहे हैं। मोतिहारी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने एक बार फिर लालू परिवार पर जोरदार हमला बोला है। पूर्वी चंपारण से एनडीए उम्मीदवार राधामोहन सिंह के पक्ष में केसरिया में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद की फैमिली को निशाने पर लेते हुए खुले मंच से कह दिया कि भला कोई नौ-नौ गो बच्चा पैदा करता है क्या। उनको बेटा नहीं हो रहा था, सिर्फ बेटियां हो रही थी, इसीलिए नौ-नौ गो बच्चा पैदा कर दिये। भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उनलोगों पर कितना मामला दर्ज है, सब कोई जानता है। लेकिन इतने दिनों तक सत्ता में रहने के बावजूद हमलोगों पर कोई आरोप नहीं लगा। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए सीएम ने कहा कि कांग्रेसिया सब क्या बोलेगा, जातीय जनगणना तो हम लोग कराये हैं। सीएम ने इस दौरान मीडिया पर भी चुटकी ली और कहा कि विपक्ष वाले का तो न्यूज चलते ही रहता है, थोड़ा हम लोगों पर भी ध्यान दीजियेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, संजय झा, जनक राम और विजय चौधरी समेत गठबंधन के अन्य नेता शामिल हुए। इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने भी लालू परिवार पर हमला बोला और कहा कि देश के साथ-साथ बिहार में सुशासन की सरकार है। यही वजह है कि लालू प्रसाद की बेटी विदेश से टूरिस्ट बनकर बिहार में आई है और चुनाव लड़ रही है। लालू प्रसाद दूसरे पर परिवार की बात करते है। सबके सामने दिख रहा है कि परिवारवाद क्या होता है। विधायक, सांसद, राज्यसभा सांसद सभी इन्हीं के परिवार के है। दूसरे को टिकट नहीं मिल सकता है।




## बिहार आ रहे प्रधानमंत्री मोदीः दो चुनावी रैलियों को करेंगे संबोधित

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में रोड शो करने के बाद एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी आगामी 20 मई को पटना में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद 21 मई को दिवंगत सुशील मोदी के परिजनों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह सीवान और महाराजगंज में गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी आगामी 19 मई को बेतिया में चुनावी रैली करेंगे। बीजेपी नेताओं से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 20 मई की रात पटना पहुंचेंगे। यहां विश्राम करेंगे।

## किसानों का सम्मान नहीं परेशान करती है मोदी की सरकारः मुकेश

**केटी न्यूज/पटना**


विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक और बिहार के पूर्वमंत्री मुकेश सहनी ने शुक्रवार को सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सारण में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा किसानों को सम्मान नहीं देती बल्कि परेशान करती है। मुकेश सहनी ने कहा कि पिछले चुनाव में प्रधानमंत्री ने किसानों की आय को दोगुनी करने का वादा किया था। लेकिन जब किसान अपनी समस्याओं को लेकर दिल्ली जा रहे थे तब सड़कों पर कीलें बिछा दी गई। वह वाक्य किसान कभी भूलने वाले नहीं हैं। उन्होंने राजद नेता तेजस्वी यादव की उपस्थिति में एक महती जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव नहीं संविधान बचाने की लड़ाई है। आज भाजपा के लोग गरीब को गुलाम बनाकर रखना चाहते हैं। उनकी सोच अमीर को अमीर बनाए रखने की तथा गरीब को और गरीब बनाए रखने की है। गृहमंत्री अमित शाह ने सहारा इंडिया का पैसा गरीबों को देने का वादा किया था। लेकिन जब चंदा मिल गया तो अब गरीबों को पैसा नहीं मिल रहा है। सहनी ने कहा कि 10 साल पहले नरेंद्र मोदी ने युवाओं, किसानों, गरीबों के लिए कई वादे किये थे। लेकिन एक भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज जब चुनाव में नरेंद्र मोदी आ रहे हैं तो मंदिर, मस्जिद की बातें कर रहे हैं।

## मदरसा का मतलब आतंक का अड्डा : गिरिराज सिंह

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के छपरा मे मदरसे के पास बम विस्फोट मामले में अब केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बड़ा बयान दिया है। गिरिराज सिंह के इस बयान से एक बार फिर सूबे की राजनीति काफी गर्म हो करने वाली है। गिरिराज सिंह ने साफ -साफ लहजे में कहा है कि सूबे का मदरसा आतंक का अड्डा बनता जा रहा है। इस हादसा उसका सबसे बड़ा उदाहरण है। गिरिराज सिंह ने कहा कि, मैं बार बार कह रहा हूं की बिहार का मदरसा आतंक का अड्डा है और छपरा की घटना उसका एक उदाहरण है। एक बार नहीं कई बार यह साबित हो चुका है। छपरा की घटना ने इसे और भी पुख्ता कर दिया है। लेकिन, कांग्रेस और लालू यादव को तुष्टिकरण का चश्मा लगा हुआ है। इसलिए कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा। गिरिराज सिंह ने कहा कि बुरके की आड़ में बोगस वोटिंग हो रही है। इस पर रोक लगना चाहिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग से मांग किया कि बुरका पहन कर वोटिंग करने जाने वालों पर रोक लगाया गया जाए। यह लोग बुरके की आड में जर्बजस्त वोकस वोटिंग करते है। यदि प्रशासन ने इस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया। तब तब आगे के लिए खतरनाक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले से ही कहा जा रहा है मदरसा में बच्चों को तालिम नहीं दी जा रही है। बल्कि उन्हें हथियार, बम बनाने में उस्ताद बनाया जा रहा है। जो देश व समाज के लिए घातक है। दरअसल, छपरा के गरखा थाना के मोतीराजपुर गांव मे स्थित मदरसा में बुधवार की शाम विस्फोट हुआ। पहले इस घटना को सिलेंडर विस्फोट बताकर मामले को दबाने की कोशिश की गयी। घटना में मदरसे के मौलवी और एक छात्र घायल हो गए। इलाज के दौरान मौलवी की मौत के बाद मामला सुलग गया। जांच में पता चला कि बम बनाते समय विस्फोट हुआ जिसमें मौलवी साहब की जान चली गई। वहीं, इस घटना में जख्मी बच्चे का इलाज पटना में चल रहा है। वह मुजफ्फरपुर जिले का रहने वाला है और मदरसा में रह कर पढ़ाई करता है। उधर, इस मामले में जेडीयू ने कार्रवाई की बात कही है तो महागठबंधन ने आपत्ति जताई है। आरजेडी प्रवक्ता ऋषि मिश्रा ने कहा है बीजेपी इस पर बेवजह की राजनीति कर रही है। जदयू ने कहा कि ऐसी घटनाओं की आड़ में कौन लोग है और इसके पीछे उनका मकसद क्या है इसकी जांच करवाई जायेगी और इस मामले में पुलिस अपना कमा कर रही है।






# लोकसभा चुनाव में ददन पहलवान चलाएंगे सिलाई मशीन, तो आनंद मिश्रा खिलाएगें सेब

- चुनाव के मैदान में ताल ठोक रहे 14 उम्मीदवार
- ददन यादव उर्फ ददन पहलवान के बेटे निर्भय यादव ने अंतिम समय पर लिया नाम वापस
- पांच पार्टियों से, तो नौ निर्दलीय आजमा रहें है अपना भाग्य

**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार को बक्सर संसदीय सीट के लिए होने वाले चुनाव में नाम वापसी के अंतिम दिन कुल वैध 15 अभ्यर्थियों में से मात्र एक उम्मीदवार द्वारा लड़ाई के मैदान से हटने का एलान किया गया। 18 वीं लोकसभा आम निर्वाचन के 7 वें एवं अंतिम चरण में बक्सर संसदीय सीट के लिए होने वाले चुनावी अखाड़े में कुल 14 उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। बक्सर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 7 मई से 14 मई तक नामांकन दाखिल किए गए थे। जिसमें कुल 27 नामांकन-पत्र प्राप्त हुए थे,लेकिन 15 मई को हुई संवीक्षा में 15 अभ्यर्थियों का नामांकन वैध पाया गया था। जबकि 12 दावेदारों के नामांकन-पत्र खारिज हो गए थे। नाम वापसी की अवधि खत्म होने के तुरंत बाद चुनावी मैदान में बचे शेष 14 प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह का आवंटन भी कर दिया गया। नामांकन से संबंधित सभी प्रक्रिया पूरी होने एवं चुनाव चिन्ह के आवंटन के साथ ही




उम्मीदवारों को प्रचार के लिए हरी झंडी मिल गई है। इस सीट के लिए 1 जून को मतदान और 4 जून को मतगणना कराई जाएगी।

**जारी की गई उम्मीदवारों की सूची**

निवार्ची पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने शुक्रवार को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी है। जिसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य राजनीतिक दलों भाजपा, राजद व बसपा के अलावा रजिस्ट्रीकृत्त राजनीतिक दलों बहुजन मुक्ति पार्टी व जागरूक जनता पार्टी के उम्मीदवार शामिल हैं। इन 5 पार्टियों के अलावा 9 निर्दलीय प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

| क्र.सं. | अभ्यर्थी का नाम | राजनीतिक पार्टी | प्रतीक चिन्ह |
|---|---|---|---|
| 01. | अनिल कुमार | बहुजन समाज पार्टी | हाथी |
| 02. | मिथिलेश कु. तिवारी | भारतीय जनता पार्टी | कमल |
| 03. | सुधाकर सिंह | राष्ट्रीय जनता दल | लालटेन |
| 04. | राजू सिंह | बहुजन मुक्ति पार्टी | चारपाई |
| 05. | हेमलता | जागरूक जनता पार्टी | फुटबॉल |
| 06. | अखिलेश कु.पांडेय | निर्दलीय | त्रिभुज |
| 07. | आनन्द मिश्र | निर्दलीय | सेब |
| 08. | आनन्द मिश्रा | निर्दलीय | कैंची |
| 09. | ददन यादव | निर्दलीय | सिलाई की मशीन |
| 10. | निरंजन कु.राय | निर्दलीय | एअर कंडीश्नर |
| 11. | भगवान सिंह यादव | निर्दलीय | अलमारी |
| 12. | राम स्वरूप चौहान | निर्दलीय | पानी का जहाज |
| 13. | सुधाकर मिश्रा | निर्दलीय | मोतियों का हार |
| 14. | सुनील कुमार दुबे | निर्दलीय | बल्ला |

प्रशासन की ओर से आवंटित चुनाव चिन्ह के बाद प्रत्याशी जोर शोर के साथ अपने समर्थकों के साथ प्रचार में जुट जाएंगे। अब देखना यह है कि

## चोरों ने मेन दरवाजा तोड़ की लाखों रुपए की चोरी



**नावानगर।** सिकरौल थाना के हरोजा गांव में बीते रात अज्ञात चोरों ने एक घर में जेवर, एवं नगद समेत लाखों रुपए मूल्य की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। चोरों ने गांव के सत्यनारायण सिंह घर में चोरी का अंजाम उस समय दिया, जब घर के सभी सदस्य शाम को खाना खाने के बाद गर्मी से राहत के लिए छत पर सोए हुए थे। सुबह लगभग तीन बजे चोरों ने घर के मेन दरवाजा को तोड़कर घर में चोरी की अंजाम देने की जानकारी मिल रही है। घर में चोरी होने की किसी को भी कानोंकन भनक तक नहीं लग पाई थी। गांव के बाहर एक बगीचे से चोरों द्वारा फेंके गए टूटे हुए बक्से, अटैची, कपड़े व जेवर बॉक्स को पुलिस ने बरामद किया है। गृह स्वामी ने बताया कि चोर घर में रखे सभी कीमती सामान चुरा ले गए हैं। उनके अनुसार 30 हजार नगद रुपया सहित आभूषण व कपड़े सहित लगभग दो लाख रुपया का सामान चोरी हुआ है। घरवालों को चोरी की जानकारी सुबह में हुई जब उनके पड़ोसी शोर मचाए। सुबह लगभग तीन बजे पीड़ित के पड़ोसी संजय सिंह अपनी मवेशियों को बाहर निकालने के लिए आए तो, उनका मेन दरवाजा बाहर से बंद था। जिसके बाद वे आवाज देकर अपने भाई सत्यनारायण सिंह को जगाए। भाई की आवाज पर जब वे छत से नीचे आए तो देखा कि उनका मेन दरवाजा टूटा हुआ था। साथ ही घर में चारों तरफ समान बिखरा पड़ा था। जिसे देख वे समझ गए कि घर में चोरी हुई है। बाद में किसी ने गांव के एक बगीचे से टूटे हुए बक्से, अटैची, कपड़े व जेवर बॉक्स होने की जानकारी पीड़ित को दिया। इस संबंध में सिकरौल थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी होने की सूचना मिली है। पर अभी तक गृह स्वामी द्वारा प्राथमिकी के लिए आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन प्राप्त होने पर प्राथमिकी दर्ज कर चोरों की पहचान कर करवाई की जाएगी।

## अभ्यर्थी के लिए एक गाड़ी, कार्यकताओं के लिए विधान सभावार एक गाडी अनुमान्य

# धार्मिक गुरु व धार्मिक स्थलों का उपयोग प्रचार में नहीं किया जायेगा : डीएम अंशुल अग्रवाल

- प्रशासन ने प्रत्याशियों को दिया चुनाव से संबंधित कई दिशा-निर्देश
- प्रशासन ने दिया सुझाव चुनाव प्रचार में ईको-फ्रेंडली सामान का करें उपयोग

**केटी न्यूज/बक्सर**




एके जॉय सामान्य प्रेक्षक एवं अंशुल अग्रवाल, जिला पदाधिकारी बक्सर की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष-सचिव एवं अभ्यर्थियों के साथ लोक सभा आम निर्वाचन 2024 से संबंधित बैठक समाहरणालय परिसर अवस्थित सभाकक्ष में की गई। डीएम ने बताया गया कि राजनीतिक दलों-उम्मीदवारों को नियम के विरूद्ध एवं भ्रष्ट तरीकों यथा-मतदाताओं को घूस देना, कम्बल, साड़ी-धोती, खाने-पीने की सामग्री बांटना, डराना-धमकाना, मतदान केन्द्र के 100 मीटर के अंदर समझाना-बुझाना, मतदान के 48 घंटे पूर्व चुनाव प्रचार करना, सार्वजनिक बैठक कराना तथा मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक वाहनों को ले जाना, ले आना आदि नहीं किए जाने निर्देश से अवगत कराया गया। मस्जिद, चर्च, मंदिर, गुरूद्वारा या दूसरे धार्मिक स्थलों का उपयोग प्रचार स्थल के रूप में नहीं किया जायेगा एवं न ही धार्मिक गुरुओं के माध्यम से किसी राजनैतिक दल पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की जानी चाहिए। मोटर साईकिल पर 11/2 फीट का एक झंडा अनुमान्य है एवं उनके बीच 100 मीटर की दूरी बरकरार रखनी होगी। रोड शो में वाहन पर कोई बैनर प्रयुक्त नहीं करना है। अस्थायी कार्यालय पर अधिकतम 48 फीट का बैनर हो सकता है। जूलुस में 64 फीट का बैनर का प्रयोग किया जा सकता है। मतदान प्रचार में बाल श्रमिक का उपयोग नहीं किया जाएगा एवं चुनाव प्रचार में ईको-फ्रेंडली सामान का उपयोग करने को कहा गया। अभ्यर्थी के लिए एक गाडी, निर्वाचन अभिकर्ता के लिए एक गाडी एवं कार्यकताओं के लिए विधान सभावार एक गाडी अनुमान्य है। मतदान दिवस को अगर अभ्यर्थी अनुपस्थित रहता है तो उसका वाहन किसी और द्वारा उपयोग नहीं किया जायेगा। मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में किसी पार्टी का अस्थायी-स्थायी कार्यालय नहीं होना चाहिए। सभी अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन के साथ ही आदर्श आचार संहिता से संबंधित मार्गदर्शिका उपलब्ध कराया गया है। 24 घंटे के अंदर अनुमोदन की सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए 36 घंटे के अंदर आवेदक को अनुमति संसूचित करने का प्रावधान है। विहित प्रपत्र में आवेदन अनिवार्य है। स्थल का अनापति प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

## सामान्य प्रेक्षक और डीएम ने किया सामग्री व विखंड कोषांग का निरीक्षण

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सामान्य प्रेक्षक एके जॉय व डीएम अंशुल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से सामग्री कोषांग-सह-मतदाता सूची की तैयारी एवं विखंडन कोषांग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि मतदान दलों को देय सामग्री के अंतर्गत दो प्रपत्र का बुकलेट अभी तक छपाई एजेंसी से अप्राप्त है। इस पर सामान्य प्रेक्षक के द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई। नोडल पदाधिकारी सामग्री कोषांग-सह-मतदाता सूची की तैयारी एवं विखण्डन कोषांग को संबंधित एजेंसी से कारण पृच्छा किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि सभी सामग्रियों की वांछित मात्रा में प्राप्ति की समीक्षा की जाय एवं अप्राप्त सामग्री अविलंब प्राप्त की जाय। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि सामग्री के बैग पर सिर्फ विधान सभा का नाम लिखा गया है। नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि सामग्री बैग पर 33-बक्सर लोक सभा आम निर्वाचन भी अंकित कराना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के दौरान पृच्छा के आलोक में वरीय पदाधिकारी सामग्री कोषांग-सह-मतदाता सूची की तैयारी एवं विखण्डन कोषांग में बताया गया कि सामान्य बैग 30 मई को तथा विशेष पैकेट दिनांक 31 मई को मतदान दलों को वितरण किया जाना है। इस क्रम में प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि उक्त तिथियों को सामग्री वितरण के क्रम में यह सुनिश्चित की जाय कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित मार्गदर्शिका एवं एसओपी का अनुपालन हो रहा है। सामग्रियों के वितरण हेतु बैग की तैयारी की समीक्षा की गई। नोडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सामान्य एवं विशेष कुल दो प्रकार का पैकेट तैयार कराया जाना है।

## नैनीजोर में चला भाजपा का संपर्क अभियान



**डुमरांव।** प्रत्याशी आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत एनडीए समर्थित बक्सर संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने नैनीजोर बाजार में संपर्क सह आशीर्वाद यात्रा के क्रम में लोगों का अभिनंदन व अभिवादन किया। इस दौरान वहां उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सिक्के से तौला गया। उन्होंने कहा कि आपलोगों का प्यार और आशीर्वाद को जिंदगीभर नहीं भूलुंगा। हम पर जो आपका भरोसा है, उसे जया नहीं होने देंगे। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों व नौजवानों ने गगनभेदी नारा लगाकर उनका स्वागत किया। वहीं बक्सा लोकसभा क्षेत्र के चौसा प्रखंड के विक्रमादित्य गीता मिश्रा उच्च माध्यकि विद्यालय में पहुंच उन्होंने कहा कि इंटर वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। फिर बक्सर नगर में दोपहर पहुंच और शाम में डुमरांव नगर में भ्रमण कर लोगों से संकपर्क किया। उन्होंने 1 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में मोदी को फिर एकबार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला मीडिया प्रभारी उमा शंकर राय सहित जदयू, लोजपा, हम, राष्ट्रीय लोक मोर्चा तथा भाजपा नेताओं व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वितरित हुआ चाचा चौधरी कॉमिक पुस्तक

बक्सर। जिला परियोजना अधिकारी से प्राप्त सुचनानुसार राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा उपलब्ध कराए गए चाचा चौधरी के साथ गंगा की बात पुस्तक को फाउंडेशन स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच वितरित की गई। चाचा चौधरी एक बेहद लोकप्रिय भारतीय कॉमिक्स पुस्तक के चरित्र हैं। बच्चों के जेहन में आसानी से जगह बनाने के लिए यह पुस्तक जल शक्ति मंत्रालय अंतर्गत एनएमसीजी द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई है। अमर चित्रकथा की कहानियों के सहारे बच्चों में गंगा स्वच्छता के लिए ललक पैदा की जा रही है।

## विकसित बक्सर को बनाने के लिए इस बार बसपा के हाथ को करें मजबूत :संजय मंडल

**केटी न्यूज/चौसा**



बहुजन समाज पार्टी के डुमरांव कार्यालय में शुक्रवार को डुमरांव विधानसभा एवं ब्रह्मपुर विधानसभा के सेक्टर पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जहां चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। वहीं बक्सर में बहन मायावती के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भी सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई। इस दौरान पदाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा की विकसित बक्सर को बनाने के लिए इस बार बहुजन समाज पार्टी के हाथों को मजबूत करते हुए ज्यादा से ज्यादा मतों से जीत कर अनिल चौधरी को दिल्ली भेजना है। वही समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बक्सर से बसपा के उम्मीदवार अनिल चौधरी ने कहा इस बार बहुजन समाज पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता और समर्थक बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में गोल बंद हो चुका है। हम बाबा साहेब के विचारधारा को मानने वाले लोग हैं। उन्होंने बक्सर के समुचित विकास, रोजगार के अवसर, बक्सर को शिक्षा का हब बनाना, किसानों के बेहतरी के लिए इस बार बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि बसपा गरीबों के लिए काम करती है। समाजिक न्याय की लड़ाई लड़ती है। ताकि सभी का बराबर का हक मिले। कोई भी शोषित नहीं रहें। मौके पर प्रदेश महासचिव संजय मंडल, प्रदेश सचिव कृपाशंकर पटेल, डुमरांव विधानसभा प्रभारी रवि सिन्हा, अध्यक्ष अनिल कुमार, डुमरांव प्रखंड अध्यक्ष अनिल गौतम, केसठ प्रखंड अध्यक्ष नंद प्रकाश, नावानगर प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या राम, चौगाई प्रखंड अध्यक्ष देवनाथ राम, सिमरी प्रखंड अध्यक्ष बंटी राव, ब्रह्मपुर प्रखंड अध्यक्ष अजीत राम, चक्की प्रखंड अध्यक्ष नंदलाल चौधरी, विंदेश्वरी राम, पुतुल राम, डॉ बलजीत चौधरी, इं रवि प्रकाश, संतोष यादव इत्यादि मौजूद थे।

## एसटीपीएल ने शुरू की 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा, नदियों को साफ व स्वच्छ करने की ली गई शपथ

**केटी न्यूज/बक्सर**



स्वच्छता और स्वच्छता के महत्त्व पर जोर देने हेतु शुक्रवार से चौसा में निर्माणधीन 1320 मेगावाट बक्सर थर्मल पावर प्लांट के निर्माण कम्पनी एसटीपीएल का 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा प्रारम्भ किया गया। इसके तहत एसटीपीएल कार्यालय के भवन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार सिंह व मानव संसाधन प्रमुख बलजीत सिंह के नेतृत्व में कम्पनी के अधिकारीयों व कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता को लेकर शपथ ली गई। इस दौरान सीईओ ने कहा व्यवसायी और व्यक्तिगत जीवन में स्वच्छता और साफ-सफाई के महत्त्व की ओर ध्यान आकर्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपने परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने एवं समाज के लिए स्वच्छता गतिविधियों के लिए समय समर्पित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगामी 31 मई तक किया जाएगा। इसके तहत नदी के घाटों की सफाई, स्वच्छता सामग्री के वितरण के साथ स्वच्छता गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आम जनता को इससे अवगत कराया जाएगा कि गंगा को स्वच्छ व साफ रखना है। यह जीवन दायनी नदी है। हमलोगों की गलतियों की वजह से यह गंदा व प्रदूषित हो रहा है। यदि समय रहते हमलोगों ने चेते तो यह और भी गंदा हो जाएगा। इसका नुकसान हमें और हमारी आने वाली पीढ़ियों को उठाना होगा। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि गंगा नदी को साफ रखा जाए। इसके आसपास कचरा तक नहीं रखा जाए। तभी यह पुनः अपने पुराने रूप में आ सकती है। हम अपना भविष्य भी सुधार सकते है। अन्यथा आने वाली पीढ़ियां भी हमें ही दोषी मानेंगी। इससे पहले हमलोगों को अपने में सुधार करने की आवयश्कता है। इस दौरान विभाग अधिकारियों समेत कर्मचारी मौजूद रहे।

# केसठ में 860 मतदाता पहली बार डालेंगे वोट, बढ़ा उत्साह

- लोकतंत्र के महापर्व का भागीदार बनने को ले उत्सुक हैं युवा मतदाता

**प्रकाश कुमार बादल/केसठ**

लोक सभा चुनाव के ऐलान होते ही प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक के पदाधिकारी चुनाव को ले तैयारियों में जुट गए हैं। स्वच्छ एवं भयमुक्त चुनाव कराने को लेकर प्रशासन द्वारा रोको टोको अभियान, रात्रि दिवा व रात्रि गश्त सहित कई अन्य अभियान चलाया जा रहा है। वही प्रशासन के द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर तरह-तरह की जागरूकता अभियान लगातार चलाई जा रही है। जिसमें महिला पुरुष दोनों की भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है। जिला प्रशासन के द्वारा प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को अपने क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को ले टास्क भी दिए जा रहे है। प्रशासन का कहना है कि अपने मत का प्रयोग करके लोकतंत्र की इस महापर्व को मनाए और लोकतंत्र को मजबूत करें। साथ की अपने मत का प्रयोग कर अपने प्रतिनिधित्व करने वाले को चुने। चुनाव आयोग के द्वारा नया वोटर लिस्ट भी जारी कर दी गई। केसठ में कुल 26 हजार 576 मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में प्रकाशित की गई है। जिसमे 13 हजार 782 पुरुष और 12 हजार 794 महिलाए शामिल है।

**इतना प्रतिशत बढ़े मतदाता**

प्रकाशित नए वोटर लिस्ट के अनुसार केसठ में कुल 33 प्रतिशत यानी 860 मतदाता बढ़े हैं। जो पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे। नये मतदाताओं में लोकतंत्र के इस महापर्व का भागीदार बनने को लेकर हर्ष व्याप्त है। युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है। युवा मतदाताओं ने कहा कि वे हर हाल में अपने पहले चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**घर बैठे दिव्यांग डालेंगे वोट**

26 हजार 576 मतदाताओं में से 36 दिव्यांग मतदाता भी है जो घर बैठे वोट डालेंगे। इनका मतदान पोस्टल बैलेट से कराया जाएगा। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। वही 2019 के लोक सभा चुनाव में कुल 25 हजार 716 मतदाता थे जिसमे से 51.57 प्रतिशत ने अपने मत का प्रयोग किया था।

**इतने मतदान केन्द्रों पर पड़ेंगे वोटः** प्रखंड में लोक सभा चुनाव को ले मतदान केंद्रों की भौतिक सत्यापन पूरी कर ली गई है। कुल 26 मतदान केन्द्रों के लिए चार सेक्टर मजिस्ट्रेट को ला एंड ऑडर बनाए रखें के लिए नियुक्ति कर दी गई है।

**क्या कहते है सहायक निर्वाचन पदाधिकारी**

इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि इस बार लोकसभा चुनाव में 73.33 प्रतिशत मत पड़ने का संभावना है। साथ की मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने प्रखंड के लोगों से आग्रह किया की 1 जून को अपने परिवार के साथ मतदान केंद्र पर जाए और वोट डाले। इसके लिए उत्साहित है।

## नगर परिषद के तहत सफाई कार्य में लगा एनजीओ की कार्यप्रणाली से जनता परेशान

# नाली जाम होने से चिकटोली मुहल्ला के कई घरों व दुकान में प्रवेश किया पानी

- नगर परिषद के कर्मी सुबह करीब दस बजे मुख्य सड़क पर जेसीबी सफाई कार्य कराने पहुंचे

**केटी न्यूज/डुमरांव**






नगर परिषद के तहत सफाई कार्य में लगा एनजीओ का कार्य सही नहीं होने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। सड़क, गली की सफाई पहले से ही खराब चल रही थी, जिसकी शिकायत प्रतिदिन हो रही थी। इधर नाला-नली की सफाई भी सही नहीं होने से नाले में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत नगर परिषद में की थी। नगर परिषद के कर्मी अपनी मर्जी से कार्य करने के लिए प्रसिद्ध है। शुक्रवार को भी सफाई कर्मी ने यहीं कार्य किया। सुबह करीब दस बजे जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे। ताकि नाली के ऊपर लगे सैलब को हटाकर सफाई की जाए। सफाई का कार्य जेसीबी मशीन से मुख्य सड़क से ही शुरू कर दिया गया। इस समय वाहन सहित आवागमन का दबाव रहता है। ऐसे में मुख्य सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क के दोनों ओर खड़े वाहन मालिकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। परिणाम हुआ कि बिना कार्य कराये ही जेसीबी मशीन को वापस जाना पड़ा। गंदगी वैसे की वैसे ही रह गई। वहीं दूसरी ओर नाली जाम होने से कई मोहल्ले तो दुकान में पानी घुस गया है। गली में पानी भर जाने से लोगों को अपने घरों तक जाने में भी पानी से होकर ही गुजरना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पुराने नगर परिषद कार्यालय के ठीक सामने के कई दुकान सहित स्टूडियो में पानी प्रवेश कर गया है। वहीं चिकटोली मोहल्ले में पानी प्रवेश होने से लोगों के घरों में पहुंचने लगा है। शुक्रवार को पूरे दिन मोहल्लेवासी पानी जमा होने के कारण अपने घरों की सफाई में व्यस्त रहे। मालूम हो कि नगर की सफाई के लिए दो एनजीओ बहाल है। एक एनजीओ नप के विस्तारित क्षेत्र पुराना भोजपुर व नया भोजपुर विस्तारिक्ष में कार्यरत हैं। दोनों एनजीओ पर नप लगभग 46 लाख रूपया प्रतिमाह खर्च करती है। बावजूद सफाई का यह आलम है कि नाला-नाली जाम होने की समस्या से शहर उबर नहीं पा रहा है। मो. जियाउल हक बताते हैं कि नप भ्रष्टाचार में फंसा हुआ है। नाला जाम होने से मोहल्ला तो डूब ही रहा हैए स्टूडियों के मालिक अब्दुल मनान को कहना है कि नप की सफाई व्यवस्था सही नहीं है। मेरे स्टूडियों में पानी प्रवेश कर समानों को बर्बाद कर दिया है। वहीं मो. गयासुदीन का कहना है कि नप लोगों की समस्या समाप्त करे के बजाय और बढ़ा देता है। सोनू कुरैशी का कहना है कि नप समय से नाला की सफाई नहीं करता हैए जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मोण मुस्ताक कुरैशी का कहना है कि मोहल्ले में नाली का पानी जमा हो जाने के कारण नमाज अदा करने के लिए रास्ता बदल कर जाना पड़ा। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि एनजीओ के कार्य प्रणाली कितनी अच्छी है। इससे आम जनता में आक्रोश है।

# कार चालक को आयी झपकी और पल भर में काल के गाल में समा गया हसंता-खेलता पूरा परिवार

**जमुई में सड़क हादसा**

**केटी न्यूज/आरा**

जुड़वा बच्चों का मुंडन कराने बाबा भोलेनाथ की नगरी देवघर जाने के दौरान कार चालक को झपकी आने के कारण सहार थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी नागेंद्र राम का परिवार काल के गाल में समा गया। गुरुवार तड़के जमुई में भीषण सड़क हादसे में नागेंद्र राम के परिवार के पांच लोगों की मौत हो गयी। गुरुवार की सुबह सड़क हादसे में रिश्तेदार सहित परिवार के पांच लोगों की मौत की मनहूस खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। घर के अन्य सदस्य जमुई के लिए निकल गये। हादसे के बाद नवादा और कोयल गांव में मातम पसर गया। नवादा गांव में शाम तक कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले थे। बताया जा रहा है कि नवादा गांव निवासी ललन रजक के पुत्र नागेंद्र राम अपने दो जुड़वां बच्चों का मुंडन कराने देवघर जाने के लिए बुधवार को घर से पत्नी, दो बच्चों, भाई और बहन संग हंसी-खुशी से निकले थे। उस क्रम में वह पहले अपने ससुराल चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव गये। वहां से उनकी सास सुमित्रा देवी, साला आनंद कुमार और सास की मां के साथ कार से देवघर के लिए निकले। उसी दौरान गुरुवार की अहले सुबह देवघर-चकाई मुख्य पथ पर जमुई के चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में बांस बुटिया के पास उनकी कार एक पेड़ से टकरा गयी। उसमें नागेंद्र राम की पत्नी और दोनों बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई।





**लगातार कार चलाने के कारण चालक को आयी झपकी:** जानकारी के अनुसार नवादा गांव निवासी नागेंद्र राम बुधवार की शाम करीब चार बजे देवघर जाने के लिए निकला था। उसके लिए वह शाम चार बजे अपने ससुराल चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव गया। अपनी सास और अन्य परिजनों को लेकर रोहतास की एक स्विफट डिजायर कार से सभी देवघर के लिए रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि रोहतास के कैथी गांव निवासी चालक रोहित कुमार लगातार कार चला रहा था। रात में सो नहीं पाने के कारण सुबह करीब चार बजे जमुई के बसबुटिया गांव के पास चालक को झपकी और कार एक पेड़ से टकरा गयी। तेज रफ्तार होने के कारण कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में नागेंद्र राम के दोनों बच्चों और नानी की मौके पर ही मौत हो गयी। बाद में नागेंद्र राम और उसकी पत्नी की भी मौत हो गई। ऐसे में नागेंद्र राम का हंसता-खेलता परिवार पल भर में ही बिखर गया।

**सड़क हादसे में महिला की मौत से कोयल गांव में भी माहौल गमगीन:** जमुई जिले में हुए सड़क दुर्घटना में चरपोखरी थानाक्षेत्र के कोयल गांव निवासी एक महिला की मौत हो गयी है। वह कोयल गांव निवासी गणेश रजक की 48 वर्षीय पत्नी सुमित्रा देवी देवी थी। हादसे में थाना क्षेत्र के मनैनी गांव निवासी मीना देवी नामक एक अन्य महिला भी गंभीर रूप से जख्मी हो गई है। उसका इलाज जमुई सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। हादसे के बाद कोयल गांव और मनैनी गांव में भी कोहराम मच है। कोयल गांव का माहौल भी गमगीन हो उठा है।

## खबरें फटाफट

### पैक्स गोदाम में चोरी, केस दर्ज

**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बसगीतिया में स्थित जमोढ़ी पैक्स गोदाम का शटर काट कर एक मोटर और कुछ आवश्यक कागजात की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में पैक्स अध्यक्ष बलवंत सिंह द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध बिक्रमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है । थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है ।

### 49 .5 लीटर देशी शराब साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**बिक्रमगंज।** मद्य निषेध अधिनियम के तहत बिक्रमगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो कारोबारी को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी थाना क्षेत्र के घुसियां कला निवासी बीर बहादुर सिंह एवं बिश्वम्भरपुर निवासी उमेश कुमार सिंह बताया जाता है। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि पुलिस को पूर्व से लगातार शराब बिक्री करने की सूचना मिल रही थी । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों कारोबारी के पास से कुल मिलाकर 49 .5 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार दोनों कारोबारी को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### दो अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ा

**बिक्रमगंज।** पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि कांड संख्या 293/24 के अभियुक्त अली हुसैन उर्फ अनु राजपुर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 5 राजपुर निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तो वहीं दूसरी ओर काराकाट पुलिस ने कांड संख्या 161/24 के अभियुक्त भीम शर्मा उर्फ प्रद्युमन शर्मा साकिम पड़सर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । इसकी जानकारी थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने दी ।

### 6 वारंटी गिरफ्तार भेजे गए न्यायालय

**बिक्रमगंज।** पुलिस ने 6 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया । कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सरैया निवासी मुकेश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध डिहरी-ऑन-सोन न्यायालय से वारंट निर्गत था । तो वहीं दूसरी ओर नासरीगंज पुलिस ने इटिम्हा निवासी रितेश यादव , दिलीप यादव , चंदन सिंह , ब्रजेश कुमार और कन्हैया प्रजापति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।

**टाउन थाना क्षेत्र के बड़ी मठिया स्थित हनुमान मंदिर के समीप की घटना**

# इमरजेंसी कॉल पर डिलीवरी कराने निकली प्राइवेट नर्स की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

- परिजनों द्वारा महावीर टोला स्थित एक प्राइवेट अस्पताल के संचालक पर हत्या करने की जताई जा रही आशंका
- बेटा बोला: प्राइवेट हॉस्पिटल की ओर से इमरजेंसी कॉल आने के बाद निकली थी मां

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के बड़ी मठिया के समीप शुक्रवार की सुबह एक प्राइवेट नर्स की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। वह महावीर टोला स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल की कॉल पर इमरजेंसी डिलीवरी कराने के लिए घर से निकली थी। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृतका मूल रूप से तीयर थाना क्षेत्र के उत्तरदहां गांव निवासी अरविंद कुमार की 39 वर्षीया पत्नी रेखा देवी है। वह शहर के जज कोठी मोड़ स्थित एक हॉस्पिटल में नर्स का काम करती थी और नवादा मोहल्ले में किराए के मकान में रहती थी। परिजनों की ओर से महावीर टोला स्थित प्राइवेट अस्पताल के संचालक पर उन्हें मारने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि शुरूआती जांच में पुलिस हार्ट अटैक की आशंका जता रही है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर एएसपी परिचय कुमार, थानाध्यक्ष देवराज राय एवं अपर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।



बेटे अनूप ने बताया कि गुरुवार की रात करीब आठ महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल के संचालक की ओर से फोन कर इमरजेंसी डिलीवरी केस के लिए उसकी मां को अपने क्लीनिक में बुलाया गया था। तब उसने अपनी मां को बाइक से पहुंचाने आया था। शुक्रवार की सुबह करीब पौने सात बजे अस्पताल के संचालक द्वारा फोन कर उसे बताया गया कि उसकी मां की तबीयत खराब है और सदर अस्पताल में भर्ती है। वह सदर अस्पताल पहुंचा तो, देखा कि उसकी मां मृत अवस्था में पड़ी है। उसके बाद संचालक की ओर से पहले उसकी मां को बाइपास रोड स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टर नहीं होने पर धनुपरा स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसकी मां को मृत घोषित कर दिया। अनूप के अनुसार उसने हॉस्पिटल के संचालक से अपनी मां के बारे में पूछा, तो बताया गया कि वह अस्पताल से सुबह करीब चार बजे निकल गई थी। वह सुबह मॉर्निंग वॉक पर गये थे, तो देखा कि उसकी मां बड़ी मठिया स्थित हनुमान मंदिर के पास गिरी है। उसके बाद उनके द्वारा रिक्शा से सदर अस्पताल लेकर जाय गया। अनूप की मानें तो अस्पताल संचालक द्वारा पहले बताया गया कि उसकी मां का मोबाइल गुम हो गया है। बाद में बताया गया कि वह अस्पताल में भर्ती हैं। अनूप का आरोप है कि उसकी मां उनके मोबाइल का कॉल डिटेल डिलीट कर दिया गया है। ऐसे में अनूप कुमार की ओर से हॉस्पिटल संचालक पर मां की हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। इधर, एएसपी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। अब तक की जांच में पता चला है कि रेखा देवी नामक महिला किसी अस्पताल में नर्स का काम करती थी। गुरुवार रात किसी दूसरे अस्पताल में उन्हें डिलीवरी कराने के लिए बुलाया गया था। वापस आने के क्रम में उनकी तबीयत बिगड़ गई। उसके बाद अस्पताल के स्टाफ द्वारा इन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां उनकी मौत हो गई। शुरूआती जांच में डॉक्टरों की ओर से हार्ट अटैक से मौत होने की बात कही जा रही है। हालांकि शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है।

## एक नजर

### बाइक चोरी कर भाग रहे चोर को लोगों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज शहर के थाना चौक के पास से बाइक की चोरी कर भाग रहे चोर को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सासाराम के लश्करीगंज मोहल्ला निवासी सुनील कुमार शर्मा अपनी बाइक थाना चौक पर विजय मेडिकल में दवा खरीदने के लिए गए । इसी बीच एक चोर उनकी बाइक लेकर भागने लगा। चोर को बाइक लेकर जाते देख हो-हल्ला किए तो आसपास के लोग उसे खदेड़ कर घुसियां कला मोड़ के पास पकड़ लिया और पकड़े गए चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि चोर के पास से एक मास्टर चाभी बरामद किया गया है । इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर मेडिकल जांच के बाद चोर को जेल भेज दिया गया।

### एनडीए एकमात्र ऐसी पार्टी, जहां सभी जातियों के मान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा होती है: जयकुमार सिंह



**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के दिनारा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव का भ्रमण करते हुए पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह ने बक्सर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित बीजेपी उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने यह कार्यक्रम दिनारा विधानसभा क्षेत्र के नटवार बाजार से प्रारंभ करते हुए विशंभरपुर, भलुनी एवं भानस गांव का दौरा किया। दिनारा प्रखंड के हरिवंशपुर पंचायत अंतर्गत भलुनी गांव में दलितों के बीच पहुंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रशंसा करते हुए जनहित में किए गए उनके कार्यों को रखने का काम किया। साथ ही जात-पात एवं परिवारवाद की राजनीति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां सभी जातियों के मान-सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा होती है। दूसरी पार्टियों जात-पात की बात कर लोगों को गुमराह करने की काम कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, लोजपा के चिराग पासवान एवं पशुपति पारस,उपेंद्र कुशवाहा, सम्राट चौधरी, नित्यानंद राय, रामकृपाल यादव, जमा खान सहित अन्य कई कद्दावर नेताओं का नाम लेते हुए जयकुमार सिंह ने कहा कि सभी समाज के नेतृत्व कताओं को एनडीए गठबंधन में पूरे सम्मान के साथ स्थान प्राप्त है। यहां किसी वर्ग अथवा जाति के साथ कोई भेदभाव होता नजर नहीं आता। इसके अलावे बिहार में अगड़ा - पिछड़ा की राग अलापने वाले लोग सिर्फ और सिर्फ इस नाम पर आम जनों को ठगने का काम करते हैं। ऐसे लोगों से सचेत होने तथा एनडीए के पक्ष में वोट करने का उन्होंने अपील किया। मौके पर संजय तिवारी, मनोज सिंह, मदनपाल, विद्यानंद पांडे, हृदय कुशवाहा, रवि भेलारी, भूटान सिंह, रौशन सिंह एवं शंभू राम कई लोग उपस्थित थे।

## मोबाइल मांगने पर युवक को मारपीट कर किया जख्मी, एफआईआर दर्ज

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

बिक्रमगंज शहर के नटवार रोड में जबरन मोबाइल ले लेने और मांगने पर मोबाइल धारक को मारपीट कर जख्मी किए जाने की एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि भोजपुर जिला के हसनबाजर निवासी शिवपरसन मुसहर अपने कुछ साथियों के साथ नटवार रोड में नाच का साटा कर वापस घर लौट रहे थे कि धनगाईं निवासी भोला यादव पहले उनसे मोबाइल मांगा। जब वह अपनी मोबाइल वापस मांगने लगा तो उसके साथ मारपीट करने लगे। उसके साथ आये अन्य लोग जब बीच-बचाव का प्रयास किया तो उन लोगों के साथ भी मारपीट कर मोबाइल लेकर चंपत हो गया। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## घूमने निकले स्कूली छात्र का गंगा नदी से मिला शव, नहाने के दौरान डूबने से हुई मौत

**केटी न्यूज/आरा**

धोबहां थाना क्षेत्र के बाघा कोल तेतरिया गांव में बागीचे घूमने निकले स्कूली छात्र की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। बुधवार दोपहर निकले छात्र का शव गुरुवार की रात गंगा किनारे से बरामद किया गया। मृत छात्र बाघा कोल तेतरिया गांव निवासी विनय तिवारी का 14 वर्षीय पुत्र भवेश तिवारी था। वह नौवीं कक्षा का छात्र था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।उसके चाचा अजय तिवारी ने बताया कि बुधवार की दोपहर करीब दो बजे गांव के कुछ लड़कों के साथ बागीचा की ओर घूमने निकला था। इसके बाद वह दोस्तों के साथ गंगा नदी में नहाने लगा। उसी दौरान वह गंगा नदी में डूब गया। उसके दोस्त द्वारा घटना की जानकारी देने के बाद परिजन पहुंचे और अपने स्तर से खोजबीन की गयी। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की पहल पर एसडीआरएफ की टीम पहुंची। उसके बाद गया स्थानीय गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम द्वारा दो दिनों तक लगातार शव की खोजबीन की गई। उसके बाद भी शव नहीं मिल पाया। तब स्थानीय मल्लाहों को लगाया गया। गुरुवार की देर रात करीब बारह बजे शव बरामद किया गया।

# चलती ऑटो में आलू व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

- जगदीशपुर थाना क्षेत्र के त्रिमूर्ति के समीप की गुरुवार रात की घटना
- दुकान बंद कर बेटे संग घर लौटने के दौरान बदमाशों ने मारी गोली

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के त्रिमूर्ति के समीप गुरुवार की देर रात एक आलू व्यवसायी की गोली मार हत्या कर दी गयी। बाइक सवार बदमाशों की ओर से चलती ऑटो में आलू व्यवसायी को नजदीक से गोली मारी गयी है। दाहिने साइड सीने में गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी आलू व्यवसायी को अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृत व्यवसायी जगदीशपुर कोतवाली निवासी 59 वर्षीय मुनमुन साह थे। उनकी बिहिया जज बाजार में आलू की दुकान है। वह पिछले करीब बीस वर्षों से अधिक समय से बिहिया में आलू का कारोबार करते आ रहे थे। व्यवसायी मुनमुन साह बिहिया नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता के चचेरा ससुर भी बताये जा रहे हैं। हालांकि हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। अपराधियों की संख्या तीन बतायी जा रही है।



इधर, देर रात आलू व्यवसायी की हत्या से इलाके में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह और थानाध्यक्ष विगाए राम घटनास्थल पर पहुंचे और अपने स्तर से छानबीन की। घटनास्थल से पुलिस को एक गोली भी मिली है।उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस मामले की जांच और अपराधियों की पहचान में जुटी है। उसके लिए पुलिस तकनीकी जांच की भी मदद ले रही है।

बताया जा रहा है कि आलू व्यवसायी मुनमुन साह रोज की तरह दुकान बंद कर अपने बेटे के साथ ऑटो से घर बिहिया से अपने घर लौट रहे थे। तभी स्टेट हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के त्रिमूर्ति के पास बाइक सवार तीन अपराधियों द्वारा ऑटो रोकवा कर उन्हें गोली मार दी गयी। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी भाग निकले। उसके बाद व्यवसायी को जगदीशपुर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।




**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान की अदालत ने सुनाया फैसला**

# डबल मर्डर केस में दोषी पाए गए बाप-बेटे को उम्रकैद की सजा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान की अदालत ने दो अलग-अलग हत्या के मामलों में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल, कोर्ट ने कोसडिहरा गांव निवासी अमरेंद्र शर्मा और अरविंद शर्मा की हत्या के दो अलग-अलग मामलों में बाप-बेटे को दोषी करार दिया था। सजा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बिट्टू कुमार उर्फ बालाजी एवं उसके पिता सुधीर कुमार को आजीवन कारावास की सजा के साथ-साथ 25 हजार रुपए के जुर्माना लगाया है। अभियुक्त परसबिगहा थानाक्षेत्र के कोसडीहरा गांव के रहने वाले हैं। अपर लोक अभियोजक बिंदु भूषण प्रसाद ने बताया कि दोनों मामला परसबीगहा थाना से संबंधित है। पहले मामले में मृतक अमरेंद्र कुमार ने अपने फर्दबयान में बताया था कि 11 अक्टूबर, 2019 को दोपहर में अपने घर से बाइक पर सवार होकर जहानाबाद जा रहे थे। इसी बीच सुधीर कुमार एवं उसके बेटे बिट्टू कुमार उर्फ बालाजी ने पिस्टल से फायर कर दिया। गोली अमरेंद्र कुमार के पेट में लगी और वह जख्मी होकर नीचे गिर पड़े। इलाज के दौरान अमरेंद्र शर्मा की मौत हो गई थी। परसबिगहा थाना में दोनों नामजद अभियुक्तों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

अभियुक्त बिट्टू कुमार को जुवेनाइल घोषित किया गया। कुछ दिनों बाद अभियुक्त बिट्टू कुमार उर्फ बाला जी बाल सुधार गृह से भाग कर अमरेंद्र हत्याकांड के मुकदमे में गवाह रहे बड़े भाई अरविंद कुमार पर मुकदमे में समझौता करने और केस वापस लेने की धमकी देने लगा। इनकार करने पर बिट्टू और उसके पिता सुधीर कुमार 13 नवंबर, 2022 को अरविंद शर्मा की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी।

इन दोनों मुकदमों में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान की अदालत ने भारतीय दंड विधान की धारा- 302 के अंतर्गत अभियुक्त सुधीर कुमार एवं बिट्टू कुमार उर्फ बालाजी को दोषी पाते हुए दोनों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

# 2024 के चुनाव के बाद कांग्रेस डायनाशोर की तरह ही भारत की धरती से लुप्त हो जाएगी: राजनाथ सिंह

- जो अन्ना हजारे का नहीं हुआ, क्या वह आपका होगा
- एक राष्ट्र एक चुनाव से जनता की कमाई, संसाधन और समय की होगी बचत



**तिलक कुमार/ बलिया**

सिकन्दरपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज के मैदान में शुक्रवार को पहुँचे भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सलेमपुर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रविन्द्र कुशवाहा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आप, सपा, कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

दिल्ली के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी जेल में गए थे और कहते हैं कि नरेंद्र मोदी ईडी और सीबीआई लगाकर सबको जेल भेजते हैं। उन्होंने कहा कि अगर ये हमने गलत किया है तो अदालत है वो हमारे फैसले को क्यों नहीं गलत ठहराती है? उनके उपर कोई दबाव नहीं डाल सकता है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के कारण जेल गए हैं और ये सिद्ध होकर रहेगा। केजरीवाल ने अन्ना साहब हजारे को धोखा दिया है। कहा कि अन्ना हजारे ने केजरीवाल से कहा था कि राजनीतिक पार्टी मत बनाना, हमने भ्रष्टाचार के खिलाफ आन्दोलन छेड़ा है नहीं तो इसपर से जनता का विश्वास समाप्त हो जाएगा। जिन्होंने अन्ना हजारे को धोखा दिया वो आपको बख्सेंगे ? कहा कि ये बीस दिन के लिए बाहर आए हैं फिर पहली जून को चले जाएंगे। उन्हें हम नहीं भेजेंगे बल्कि अदालत खुद भेजेगी। वहीं आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल की पिटाई के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के घर में उनकी पार्टी की राज्यसभा सांसद लात-घूसों से पीटी गई और उसके उपर आप बोल नहीं रहे हैं ? ये क्या नेता हैं, नेता का शेर का कलेजा होना चाहिए।

वहीं एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि कहीं-कहीं हर महीने देश में चुनाव ही होते रहते हैं। हम लोगों ने फैसला किया है कि वो सिलसीला बंद होना चाहिए। इस देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ होने चाहिए। एक राष्ट्र एक चुनाव। इससे आपकी कमाई, संसाधनों और समय कील बचत होगी। क्या इसे करना तानाशाही है ? हमने क्या अपराधी किया है? वहीं पाक अधिकृत कश्मीर में चल रहे विवादों पर उन्होंने कहा कि मैंने तीन-चार साल पहले ही कह दिया था कि पाक अधिकृत कश्मीर को लेने के लिए उसपर कब्जा करने की कोई जरूरत नहीं है। बल्कि पाक अधिकृत कश्मीर के लोग मांग करेंगे की हम भारत में मिलना चाहते हैं और आज वही पीओके के लोग मांग कर रहे हैं कि हम भारत के साथ रहना चाहते हैं, वह दिन आ गया है। वहीं तीन तलाक और सामान्य नागरिक संहिता के मुद्दे पर उन्होंने कहा हमने जब तीन तलाक पर कानून बनाया तो लोगों ने कहा कि दूसरे धर्म के मामलों में आप हस्तक्षेप करने वाले कौन होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार रहे चाहें भाड़ में जाए, चाहें हिन्दू, मुस्लमान, यहुदी या ईसाई हो सबकी बहन-बेटी हमारी बहन बेटी है। इसको धर्म के साथ जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए, हमने तीन तलाक की प्रथा को समाप्त किया। उन्होंने दावा किया कि सामान्य नागरिक संहिता को हम लागू करेंगे ये हमारा कमिटमेंट है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज सपा, कांग्रेस की हालत यह हो गई है कि सपा को लोग समाप्त पार्टी, आपने साईकिल की चैन को 2014 के लोकसभा चुनाव में अपने साईकिल की चैन उतार दी थी तथा 2017 और 2019 के चुनाव में भी आप लोगों ने साइकिल की चैन को चढ़ने नहीं दिया। दस साल तक जिस साईकिल पर चैन न हो वो साईकिल आगे कैसे बढ़ेगी। वहीं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हालत तो इतनी पतली हो गई है कि 2024 के चुनाव के बाद कांग्रेस डायनाशोर की ही भांति भारत की धरती से लुप्त हो जाएगी।

## खबरें फटाफट

### गंगा नदी में डूबा युवक, खोजबीन शुरू

**लालगंज।** क्षेत्र के शिवपुर घाट पर एक ही घराने के तीन युवकों के साथ नहाने आया युवक शुक्रवार को गंगा नदी में डूबा। सूचना पर परिजन सहित थानाध्यक्ष मदन पटेल घाट पर पहुंचे और शव का खोज शुरू हुआ। उल्लेखनीय है कि बैरिया थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी पिंटू शर्मा पुत्र संतोष शर्मा 18 वर्ष अपने घराने के ही विशाल शर्मा पुत्र बीरबहादुर शर्मा,प्रदीप शर्मा पुत्र राज कुमार शर्मा,राज पुत्र लालजी शर्मा के साथ शुक्रवार के सुबह टोटो गाड़ी से नहाने के लिए शिवपुर घाट आए थे। पिंटू एक पांच लीटर का प्लास्टिक के डब्बा के सहारे तैरने की कोशिश कर रहा था तैरते तैरते गहरे पानी में चला गया इसी बीच बंद डिब्बा का ढक्कन खुल गया और डब्बा में पानी भर गया जिससे वो डूबने लगा। साथ नहाने आए युवकों ने चिल्लाना शुरू किया जब तक कुछ लोग पहुंचते युवक डूब गया था। सूचना पर थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल मौके पर पहुंच स्थानीय मल्लाहों से जाल मंगाकर शव को खोजने का काम शुरू किया। करीब एक घंटे खोज के बाद शव जाल में फस गया उसे बाहर निकाला गया। मृतक के पिता संतोष शर्मा के तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

### जब अपहृत युवती अचानक पहुंच गई थाने

**बैरिया।** बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव से दो दिन पहले कथित रूप से गायब 23 वर्षीय युवती के अपहरण मामले में नया मोड़ आ गया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 366 और 120बी का मामला पंजीकृत कर जांच-पड़ताल शुरू किया था। इसी बीच, अपहृत युवती अचानक थाने पहुंच गई। युवती ने पुलिस को बताया कि मेरा कोई अपहरण नहीं हुआ था। मैं बलिया चली गई थी। वापस आई हूं। जानकारी मिलने पर थाने पहुंची हूं। इस बीच आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद चिकित्सकीय परीक्षण व 164 के बयान के लिए एसएचओ धर्मवीर सिंह ने संबंधित युवती को महिला पुलिसकर्मियों की अभिरक्षा में मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए बलिया भेज दिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि युवती के बयान के ऊपर ही मुकदमे का भविष्य निर्भर करता है। उसी के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चा हो रही थी।

## गाजीपुर शहर के फूल्लनपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास के रास्ते को किया जाम

# मंदिर के बगल में खुली शराब की दुकान के विरोध में ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

शहर के फूल्लनपुर रेलवे क्रॉसिंग के बगल में बियर एवं देसी शराब की दुकान खुलने से गोंडा देहाती गांव की महिलाओं ने हाथ में झाड़ू लेकर लंका - अंधऊ बाईपास रोड पर फूलनपुर रेलवे क्रॉसिंग के बगल में सड़क को जाम कर दिया। 10 दिन पहले खुले शराब की दुकान को लेकर गायत्री परिवार के लोगों में भी रोष का वातावरण है जिसको लेकर गायत्री परिवार के सदस्यों ने जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान एवं सदर कोतवाली को ज्ञापन दिया था। लेकिन पहले वहां बियर की दुकान खुली, उसके दो-तीन दिनों के बाद देसी शराब का भी दुकान खुल गया।

**गायत्री मंदिर, शीतला मंदिर व हनुमान मंदिर के साथ प्राइमरी स्कूल के बगल में ही शराब का दुकान खुला**

ग्रामीणों की माने तो जिस मार्ग पर शराब का दुकान खुला है, उस मार्ग से 100 मीटर के दायरे में ही गायत्री मंदिर, शीतला मां का मंदिर एवं हनुमान मंदिर है। एवं ठीक उसके बगल में प्राथमिक पाठशाला भी है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे बच्चे उसी रास्ते से लड़के, लड़कियां ,औरतें व बहुएं आती-जाती हैं । और इधर 10 दिनों से शराब की दुकान खुलने से शराब पीने वाले उस मार्ग से आने-जाने वाले लड़कियों व औरतों को बुरी निगाह से देखते हैं एवं फब्ती भी कसते हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष का वातावरण है। आज सैकड़ो ,महिलाओं एवं गायत्री परिवार के सदस्यों ने हाथ में झाड़ू लेकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया। व्यसन मुक्ति के नारे लगाते हुए गायत्री परिजनों ने विरोध जताया ।कहा कि यथा शीघ्र यहां से शराब की दुकान हटाई जाए । इस मौके पर गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि गायत्री परिवार के सात आंदोलन में एक प्रमुख आंदोलन है व्यसन मुक्ति आंदोलन ।



### नशा मुक्ति अभियान में भारत सरकार का समर्थन है लेकिन जिला प्रशासन मौन

भारत सरकार के साथ मिलकर गायत्री परिवार पूरे भारत में व्यसन मुक्ति आंदोलन चलाता है और गाजीपुर में गायत्री मंदिर के ठीक बगल में शराब की दुकान खुलना यह अति दुर्भाग्य पूर्ण है ।जब धरना प्रदर्शन के घटना की जानकारी प्रशासन को हुआ, तो सदर कोतवाल दीनदयाल पांडे वहां आकर मयफोर्स के साथ धरना प्रदर्शन को बंद कराने की कोशिश में जुट गए ।लेकिन गायत्री परिवार के लोग एवं गोंडा देहाती की महिलाओं ने कहा कि जब तक जिला प्रशासन आकर इस पत्रक को लेकर हमें आश्वासन नहीं देता है तब तक यहां से धरना प्रदर्शन नहीं समाप्त होगा ।

**आबकारी अधिकारी ने शराब की दुकान हटाने का दिया आश्वासन**

जिलाधिकारी के निर्देशन पर धरना स्थल पर जिला आबकारी अधिकारी देवेंद्र जैन और तहसीलदार मौके पर पंहुचे और पत्रक लिया। पत्रक लेने के बाद उन्होंने आश्वासन दिया कि यहां से शराब की दुकान हटाने की कोशिश की जाएगी। तब जाकर महिलाएं और गायत्री परिवार के लोगों ने धरना को वहां से समाप्त किया। धरना प्रदर्शन करने वालों में गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी सुरेंद्र सिंह, ओम नारायण राय, उर्मिला सिंह, नीतू राय, राहुल सिंह, क्षितिज श्रीवास्तव, एवं गोंडागांव देहाती की सैकड़ो महिलाएं उपस्थिति रही।

# स्पेशल स्क्वाड एवं वाराणसी कामर्शियल की रेड टीम ने सेनानी व कामायनी ट्रेन में की छापेमारी

- बिना टिकट यात्रा कर रहे 66 यात्रियों को टीम ने पकड़ा

**केटी न्यूज/बलिया**

मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के नेतृत्व में वाराणसी मंडल के बनारस- बलिया रेल खण्ड पर सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया।

इस दौरान मंडल वाणिज्य प्रबंधक रमेश पाण्डेय के नेतृत्व में गाड़ी संख्या 12562 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस में बनारस के टिकट जाँच स्पेशल स्क्वाड एवं वाराणसी कामर्शियल की रेड टीम के साथ बनारस - बलिया रेल खण्ड तक विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके अलावा 11072 कामायनी एक्सप्रेस में सघन टिकट जाँच की गई। टिकट जांच अभियान टीम में मंडल वाणिज्य प्रबंधक रमेश पाण्डेय के साथ टिकट जाँच कर्मचारियों एवं रेलवे सुरक्षा बल की टीमों के सहयोग से सघन टिकट जांच किया गया और बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले 66 यात्रियों को पकड़ा गया। जिनसे जुमार्ने के रूप में 41480 रुपए जुमार्ना वसूल किया गया। बलिया स्टेशन पर पहुँचने के बाद टिकट दलाली पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंडल वाणिज्य प्रबंधक रमेश पाण्डेय बलिया रेलवे स्टेशन के यात्री आरक्षण केन्द्र पहुंचे और तत्काल में बन रहे स्लीपर श्रेणी के टिकटों का मिलान किया। इस दौरान उन्होंने तत्काल टिकट बनवाने वाले यात्रियों से पूछताछ की। इस दौरान सभी टिकट आवेदक वास्तविक पाया। वहीं बलिया स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद के अंतर्गत सजावटी सामाग्री के स्टाल, खान-पान स्टॉलों, पूछताछ काउन्टर, यूटीएस काउन्टर, एटीवीएम कियॉस्क, पार्किंग तथा सकुर्लेटिंग एरिया में अमृत भारत योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों यथा- प्रतीक्षालय निर्माण, पे एण्ड यूज शौचालय, पैसेंजर हाल, फास्ट फूड यूनिट, वाटर वेण्डिंग मशीन एवं उपलब्ध अन्य सुख-सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने वाटर वेण्डिंग मशीन एवं खान-पान स्टाल संचालकों को डिजिटल पेमेन्ट करने का प्रावधान करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बलिया रेलवे स्टेशन पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक रमेश पाण्डेय द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आरम्भ प्रातः बलिया स्टेशन के सामान्य यात्री हाल में बुकिंग कार्यालय के निकट आयोजित किया गया। इस दौरान 200 से अधिक यात्रियों को मोबाईल ऐप डाउनलोड कराकर प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ यात्रियों को बताया गया कि आप स्वतः अपना टिकट बना कर भीड़ भाड़ एवं लम्बी लाईन में लगने से बच सकते है। मोबाईल एप्प और ए टी वी एम का उपयोग करने से यात्रियों के समय एवं धनराशि दोनो की बचत होती है। इस मौके पर वाणिज्य निरीक्षक बलिया राजेन्द्र कुमार सिंह एवं मुख्य वाणिज्य लिपिक का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।



## पुलिस को घर बताने के विवाद में

# दो पक्षो जमकर चली लाठियां, आधा दर्जन से अधिक घायल



**जौनपुर।** जनपद के मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र में एक गांव में ड़ी जे की तेज आवाज पर गांव के आयी पुलिस को रास्ता बताने पर रंजिश में दो पक्षो में विवाद हो गया।दोनो पक्षो में जमकर खूब लाठी डंडे चले। जिसका वीडियो सोशल मिडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

जानकारी के अनुसार मछली शहर थाना क्षेत्र के बसांटा गांव में दो दिन पूर्व आई बारात में डीजे की तेज आवाज को लेकर गांव में आयी डायल 112 पुलिस को घर बताना महंगा पड़ गया।पीड़ित के अनुसार पड़ोसी फूलचंद का पुलिस कों पता बताने पर उनके परिवार के लोगो ने आज हमारे भतीजे व महिलाओ कों बुरी तरह लाठी डंडे से मार कर घायल कर दिया। जिसमे दो महिला सहित सात लोग गंभीर घायल हैं।

वहीं दूसरे पक्ष के लोगो में भी सात लोग घायल हैं प्रथम पक्ष का कहना हैं की घटना की सूचना उक्त थाने कों पहले से दे दिया गया था। उसके बाद भी आज घर पर आकर लाठी डंडे से परिवारी जनो पर हमला किया। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षो के लोगो कों इलाज के लिए सीएचसी भेजा दिया और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## एक नजर

### जानलेवा है, ट्रांसफार्मर से लगा जर्जर पोल, जमीन पर दौड़ती है बिजली, हादसे का खतरा



**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के बिजहरा गांव के हमीद मार्ग के किनारे 25 केवीए के ट्रांसफार्मर तथा उस पर लगे पोल जर्जर होकर टेढ़ा हो गया तथा ट्रांसफार्मर के ऊपर से हाई टेंशन तार जो हमिद मार्ग को क्रॉस करता है बिजहरा गांव के अंदर ट्रांसफार्मर तक पहुचत है पूरी तरह जर्जर है। यह ट्रांसफार्मर पर लगे पोल जर्जर हो चुके हैं और कभी भी दुर्घटना को दावत दे सकते हैं। ग्राम प्रधान राम पूजन राजभर ने कहा की कई बार बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों सहित डीएम को अवगत कराया गया, लेकिन आज तक बिजली विभाग दुर्व्यवस्था को दूर नहीं कर पाया। बिजली विभाग के अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा की अगर इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बिजहरा गांव की आबादी 1400 के आस-पास है। गांव में बिजली विभाग ने केबलिंग का कार्य किया गया, लेकिन खम्भे पर नहीं लगाया गया। आज भी बिजली दौड़ती हुई केवल जमीन पर पड़े हैं। दुल्लहपुर विद्युत उपकेंद्र के जेई कुलदीप नैयर ने कहा की आंधी के दौरान खम्भे टेढ़ा मेडा हुआ था जिसका स्टीमेट उच्चाधिकारी को भेजा गया है। यह डिवीजन में रुका हुआ है। फिलहाल कर्मचारी को भेज कर जांच कराते हैं। कोई वैकल्पिक व्यवस्था से बिजली सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है।

### सैकड़ों लोगों ने ली समाजवादी पार्टी की सदस्यता

**चंदौली।** पिछड़े दलित अल्पसंख्यक समाज से जुड़े लोग समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में लगातार एकजुट हो रहे है। यह दावा सपा नेता कर रहे हैं। मुख्यालय स्थित सपा कार्यालय लोहिया भवन पर मौर्या समाज से जुड़े विभिन्न दलों व संगठनों के सैकड़ों लोगों ने शुक्रवार को क्ठउक्रझ गठबंधन के सपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह को अपना समर्थन दिया। वहीं जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने बड़े जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि चंदौली लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी को लेकर हराने के लिए मौर्य समाज खास तौर पर ढऊ्र से जुड़े राजनैतिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने पार्टी कार्यालय पर पहुंच कर सपा प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया। लगातर मिल रहे इस इस जन समर्थन के बूते हम चंदौली लोकसभा चुनाव में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने जीत का दावा किया। इस दौरान उन्होंने बसपा प्रत्याशी सत्येंद्र मौर्य पर निशाना साधते हुए इस जिले के नया उम्मीदवार करार दिया।कहा कि वो अभी इस जिले के लिए नए है, और अभी उन्हें इस जिले के लिए संघर्ष करने की जरूरत है। न तो मौर्य समाज के और ना ही इस जिले के लोगों के उनका कोई संघर्ष रहा है। इस दौरान लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) में रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामधवन पासवान, पूर्व प्रधान चंद्रमोहन पासवान, बामसेफ, सीपीआई व प्रिंसिपल रहे राम आजाद पासवान ने सपा ज्वॉइन करते हूए उनकी नीतियों पर चलने के लिए लिए प्रतिबद्धता जताई। रामधवन मौर्य ने कहा कि वे लंबे समय में समाजवादी विचारधारा से जुड़े थे। अखिलेश यादव के अभियान से प्रेरित होकर हम लोगों ने सपा ज्वॉइन किया। अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष अजय मौर्य के नेतृत्व में विभिन्न दलों सामाजिक राजनैतिक संगठन से जुड़े मौर्य समाज के नेताओं की बैठक हुई और जिसमें समाज के अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर सपा प्रत्याशी के लिए पक्ष मतदान किये जाने पर रणनीति बनी। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक उदय लाल मौर्य, जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष कन्हैया मौर्य व संगठन से जुड़े अन्य पदाधिकारी, डॉ सुनील मौर्य,संजय मौर्य,महेंद्र मौर्य शामिल रहे. बैठक का संचालन भाकपा माले नेता श्रवण कुशवाहा ने किया।

### शिप्रान्त सिंह गोलीकांड का एक अभियुक्त गिरफ्तार



**बलिया।** टीडी कालेज के छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष शिप्रान्त सिंह गोलीकांड के एक आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को मुखबीर की सूचना पर करनई गांव जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता अमन राय पुत्र सत्य प्रकाश राय निवासी करनई थाना सुखपुरा जनपद बलिया बताया। जबकि मुख्य आरोपी बलवंत यादव पर 15 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है। बता दे कि 11 मई 2024 को थाना सुखपुरा अंतर्गत हनुमानगंज चौकी के पास टीडी कालेज के छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष शिप्रान्त सिंह पर जान से मारने की नीयत से गोली मार दिया था। जिसमें से एक गोली शिप्रान्त के दाहिने साइड पीठ तथा बाए पैर में लगी थी। जिसमें पुलिस ने घायल पिता के तहरीर पर सचिन यादव व बलवंत यादव पुत्रगण मनराज यादव समेत चार अज्ञात के विरुद्ध धारा 307 व 34 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया। जिसमें से पुलिस ने अमन राय को करनई गांव के पास से गिरफ्तार किया। जबकि फरार चल रहे मुख्य आरोपी बलवंत यादव की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए 15000 रुपया पुलिस ने ईनाम घोषित किया है।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए ली शपथ

**चंदौली।** उप जिला अधिकारी पण्डित दीन दयाल उपाध्याय नगर द्वारा शुक्रवार को पी.डब्लू. गुरुकुलम स्कूल में आगामी एक जून को मतदान करने हेतु शपथ एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।उपस्थित छात्र और छात्राओं, टीचर्स, बैंक ऑफिस स्टाफ सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित जनों से शत प्रतिशत शत मतदान करने को कहा गया। इस अवसर पर सचिन कुमार सिंह एडूलीडर्स ग्रुप, प्रियंका मुखर्जी प्रधानाचार्य, प्रकाश मौर्या, मृदुला राय, सविता कुमारी, अभिषेक भूषण प्रतीक,चंद्रा भूषण मिश्रा कौशिक, सोनू सिंह, रवि प्रकाश, चंद्र भूषण तिवारी, इत्यादि ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन प्रियंका मुखर्जी प्रधानाचार्य ने किया।

## नियमित टीकाकरण अभियान को लेकर एएनएम की समीक्षा बैठक

# टीकाकरण में किसी तरह की हीलाहवाली न बरतने का निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर सीएचसी के सभागार में शुक्रवार को नियमित टीकाकरण को लेकर एएनएम की ब्लाक स्तरीय समीक्षा बैठक चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी अधिकारी डा. अमर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें माइक्रो प्लान के तहत टीकाकरण में किसी तरह की हीलाहवाली न बरतने की सख्त हिदायत एएनएम को दिया गया। इस बीच बोलते हुए चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी अधिकारी डा. अमर कुमार ने कहा कि नियमित टीकाकरण शासन की प्राथमिकता में शुमार है। जिसे शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई बहाने बाजी नहीं चलेगी।



उन्होंने कहा कि टीकाकरण में किसी तरह की लापरवाही या शिकायत मिलने पर संबन्धित के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने अन्य संक्रामक बीमारियों पर भी कैसे प्रभावी तरीके से रोकथाम लगे इस पर विस्तार से एएनएम संग चर्चा कर उन्हें सतर्कता बरतने की हिदायत दी। कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाए जो टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। उनकी जांच कर उन्हें सीएचसी पर भेजकर टीकाकरण किया जाए।

इस समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के लोगों से आह्वान किया कि चलाए जा रहे बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं मरीजों को समय से मिले इसकी जिम्मेदारी सभी की है। इसके अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डा. अमर कुमार ने आभा आईडी जेनरेशन व टीवी के जांच कराने में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। बताया कि गर्भवती महिलाओं का विशेष रूप से ध्यान देने, नियमिते टीकाकरण, आरसीएच पोर्टल पर डाटा एंट्री लोड करने, हाई रिस्क एरिया में संपूर्ण टीकाकरण लक्ष्य के अनुरूप पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। समीक्षा बैठक के दौरान ही उन्होंने अन्य पहलुओं ओआरएस, जिंक वितरण की समीक्षा, नवजात शिशुओं आदि की देखभाल` के बारे में भी समीक्षा किया गया। जिसमें संतोषजनक जबाब न देने पर उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को फटकार लगाई। इस अवसर पर बबीता सिंह, सुनील कुमार , आशुतोष सिंह, इम्तियाज, इरफान, अभिषेक उपाध्याय, एमएन राय आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

### स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**बलिया।** वाराणसी-छपरा रेलखंड पर काजीपुरा मोहल्ला स्थित वाशिंगपीठ के पास बृहस्पतिवार की देर शाम स्पेशल क्लोन ट्रेन से गिरकर 55 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि वृद्ध ट्रेन पर जा रहा होगा जो असन्तुलित होकर गिर गया होगा। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी थानाध्यक्ष फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और क्षत विक्षप्त हुए शव को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक वृद्ध का सिर ट्रेन के अंदर चला गया होगा। जिससे शरीर क्षत विक्षप्त हो गया।

# जनघोष बन गया अबकी बार 400 पार का नारा : सीएम योगी आदित्यनाथ

♦ बोले सीएम, एक बार फिर मोदी सरकार का नारा इंडी गठबंधन की तुष्टीकरण की नीतियों के खिलाफ जनता के उद्घोष का शंखनाद

**केटी न्यूज/बाराबंकी**

देश में अब तक चार चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं जबकि तीन चरण बाकी हैं। इसके बावजूद पूरे देश की जनता जनार्दन 4 जून के परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है। वह जानते हैं कि इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही जीत होगी। यही वजह है कि पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है। यह उद्घोष अब जनघोष बन गया है। यह पूरे देश में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के विभाजनकारी तुष्टीकरण और अराजकता की नीतियों के खिलाफ देश की आम जनमानस की उद्घोषणा का शंखनाद है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बाराबंकी के जैदपुर मार्ग पर बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे।



सीएम योगी ने बाराबंकी की लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत और मोहनलालगंज के लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पक्ष में वोट की अपील की। साथ ही, उन्होंने अवध प्रांत के देवाधिदेव महादेव की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत भी किया।

सीएम योगी ने कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों में हुए विकास कार्यों को देखते हुए देश के आमजन ने एक बार फिर मोदी सरकार के विजय श्री के साथ खुद को जोड़ा है। ऐसे में हमें बाराबंकी और मोहनलालगंज समेत उत्तर प्रदेश की 80 की 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देना है।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, कौशल किशोर, प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश चंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

### आम जनमानस ने खुद को "एक बार फिर मोदी सरकार" के विजयश्री से जोड़ा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना की विजय का अबकी बार 400 पार का नारा एक नया उद्घोष भी है। उन्होंने महादेवा और सिद्धेश्वर महादेव की धरती पर भारत की सांस्कृतिक नवजागरण के पुरोधा, एक भारत श्रेष्ठ भारत के शिल्पी, दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बाराबंकी की जनता की ओर से हृदय से स्वागत किया।

## एक नजर

### बांसडीह कस्बा में करेंट लगने से मां-बेटे झुलसे, इलाज के दौरान बेटे की हुई मौत

**बलिया।** बांसडीह कस्बा के वार्ड नंबर 12 के कटबंधवा मोहल्ले में शुक्रवार को नल में लगे टुल्लू पंप में पूर्व से करेंट प्रवाहित हो जाने के कारण मां-बेटे गम्भीर रूप से झुलस गए। आसपास के लोगों ने झुलसे मां बेटे को गंभीरावस्था में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बांसडीह ले गए, जहां चिकित्सकों ने झुलसे की गंभीर स्थिति देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहां चिकित्सक ने बेटे को मृत घोषित कर दिया। वही मां का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा के वार्ड नंबर 12 निवासी छट्ठू राजभर 25 वर्ष पुत्र राधेश्याम राजभर अपने डेरे पर लगे हैंडपंप में टुल्लू पंप लगाया हुआ था। शुक्रवार की अपराह्न ढाई बजे नल में लगा मोटर चल रहा था, उसी समय छट्ठू पानी लेने ज्यों ही हैंडपम्प का हैंडल छुआ वैसे ही हैंड पाइप में प्रवाहित हो रही करंट के जद में आकर तड़फड़ाने लगा। यह देख पास में नीति उसकी 60 वर्षीय मां राजकुमारी देवी पत्नी राधेश्याम ने बेटे को छुड़ाने गई वह भी करेंट की जद में आ गई और गिरकर वह भी तड़फड़ाने लगी। आसपास के लोगों ने मां-बेटे को तड़फड़ाते हुए देखा तो शोर मचाते हुए प्रवाहित हो रही करंट को अलग किया और झुलसे मां और बेटे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां पर चिकित्सक ने छट्ठू राजभर को मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाइयों में दूसरे नम्बर पर था तथा अविवाहित था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सलेमपुर और बलिया के लिए नामांकन स्वीकृत प्रत्याशियों को आवंटित किया गया चुनाव चिन्ह

**बलिया।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लोकसभा सलेमपुर और बलिया के लिए नामांकन स्वीकृत प्रत्याशियों को उनके चुनाव चिन्ह रिटर्निंग ऑफिसर ओजस्वी राज और रवींद्र कुमार द्वारा दिया गया।

सलेमपुर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी से रविंद्र कुशवाहा को कमल, समाजवादी पार्टी से रमाशंकर राजभर को साइकिल, बहुजन समाज पार्टी से भीम राजभर को हाथी, जनता क्रांति पार्टी (राष्ट्रवादी) से जय बहादुर उर्फ जय बहादुर चौहान को हॉकी और बाल, अखिल भारतीय सर्वजनहित पार्टी से शिवनारायण मिश्र को ऑटो रिक्शा, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से सूर्य प्रकाश गौतम को कटहल, अमरेश ठाकुर निर्दलीय प्रत्याशी को डोली, सद्दाम हुसैन निर्दलीय प्रत्याशी को ट्रक और श्री कृष्ण निर्दलीय प्रत्याशी को चारपाई चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। बलिया लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से नीरज शेखर को कमल, समाजवादी पार्टी से सनातन पांडेय को साइकिल, बहुजन समाज पार्टी से लल्लन सिंह यादव को हाथी, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से रविकांत सिंह उर्फ रवि पटेल को कटहल, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से रामनिवास गौड़ को आरी, आजाद समाज पार्टी (काशीराम) से सूर्य बली प्रसाद को केतली, अवधेश वर्मा निर्दलीय प्रत्याशी को चारपाई, अशोक गुप्ता निर्दलीय प्रत्याशी को कांच का गिलास, प्रकाश कुमार निर्दलीय प्रत्याशी को सीरिंज,मणिंद्र निर्दलीय प्रत्याशी को बक्सा, रंजना निर्दलीय प्रत्याशी को डबल रोटी, शेषनाथ निर्दलीय प्रत्याशी को कैरम बोर्ड और सुमेश्वर निर्दलीय प्रत्याशी को छड़ी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। दोनों लोकसभा क्षेत्रों से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र वापस नहीं लिया।

### सीविजिल एप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत, सौ मिनट में होगा निदान

**मऊ ।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व भयरहित चुनाव और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों को 100 मिनट में निस्तारित कराने के लिए सी-विजिल एप विकसित किया गया है। जिले में सी-विजिल एप के माध्यम से लाइव फोटो/वीडियो और एप के भीतर से आटो लोकेश ही कैप्चर करता है। ताकि फ्लाइंग स्क्वायड को समयबद्ध ढंग से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके। यह एप निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आमजनता द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत किये जाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है। यह एप प्ले स्टोर के माध्यम से अथवा ईसीआई डाट एनआईसी डाट इन के माध्यम से बहुत ही आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार सिंह और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण मिश्र ने कि एप को ऐसे किसी भी इंड्राइड, स्मार्टफोन, कैमरा में इंस्टाल किया जा सकता है, जिसमें कैमरा, इंटरनेट कनेक्शन और जीपीएस एक्सेस हो।

## खबरें फटाफट

### विंध्याचल में प्रसाद बेंचने को लेकर दो दुकानदारों में मारपीट

**मिजार्पुर।** विंध्याचल धाम को जाने वाली जयपुरिया गली में गुरुवार को दिन में भक्तों को प्रसाद देने को लेकर दो दुकानदारों में मारपीट हो गयी। दुकानदारों के बीच बाल खींचकर मारपीट का वीडियो सामने आया है। जिसे संज्ञान में लेकर पुलिस ने दोनों पक्ष के 5 लोगों को हिरासत में लिया है। लड़ाई देख आसपास के लोगों ने दोनों पक्ष को खींचकर अलग-अलग किया गया। सीओ सिटी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद मारपीट की जानकारी हुई। दोनों दुकानदारों के पक्ष से 5 लोगों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई किया गया है।

### मिजार्पुर से बाहर भूसा ले जाने पर लगा प्रतिबन्ध

**मिजार्पुर।** मिजार्पुर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान जिले के बाहर भूसा ले जाने पर प्रतिबन्ध लगाए जाने का निर्देश जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने दिया। कहा कि बरसात के पूर्व गौ आश्रय स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में भूसा का भंडारण कर लिया जाय। इसके लिए क्रय करने के साथ ही दान लेने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन गौवंश स्थलों की स्थापना एवं संचालन हेतु गठित जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्याकंन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि गौ आश्रय स्थलों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा के भंडारण की व्यवस्था किया जाए। शासन की मंशानुरूप 650 रुपए प्रति कुंतल की दर से भूसा क्रय करें। ढुलान, लोडिंग व अनलोडिंग का चार्ज अलग निर्धारित किया जाए।

### ट्रेनिंग में अनुपस्थित 29 कर्मियों को दी गई चेतावनी

**आजमगढ़ ।** आजमगढ़ में लगातार मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आजमगढ़ में छठवें चरण के अन्तर्गत 25 मई को मतदान होना है। इस क्रम में लगातार जिले में सेकेंड राउंड में प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिले के जीडी ग्लोबल पब्लिक स्कूल, और हरिश्चन्द्र पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान कुल 3840 मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना था।

## 2 साल में पैसा 3 गुना करने की स्कीम दिखा एप से डिजिटल करेंसी में कराया इनवेस्ट

# 3000 लोगों से 50 करोड़ की ठगी कंपनी के डायरेक्टर समेत आठ लोगों पर एफआईआर


♦ निवेश करने वालों में वाराणसी, रामनगर, प्रतापगढ़, गोपालगंज, प्रयागराज समेत आसपास के जनपदों के लोग है शामिल

♦ साइबर क्राइम पुलिस ने कंपनी के कथित एमड़ी, सीईओ, सुपरवाइजर, एरिया मैनेजर समेत 8 पर दर्ज किया एफआईआर

♦ वाराणसी के सितारा होटल में 14 सितंबर 2022 को हुई थी बीएसजी की लांचिंग, दो सौ लोगों को दी गई थी ज्वाईनिंग

**केटी न्यूज/वाराणसी**

पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में दो साल में तीन गुना पैसा करने की का सपना दिखाकर 50 करोड़ की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। यहां करीब तीन हजार पीड़ितों से डिजिटल करेंसी में इन्वेस्ट करवाकर यह ठगी की घटना का अंजाम दिया गया है। साइबर माफियाओं के द्वारा मोबाईल एप व वेबसाइट के माध्यम से इस करेंसी में निवेश करवाया गया है। इसके बाद एप की वर्किंग ही बंद हो गई। निवेश करने वालों में वाराणसी, रामनगर, प्रतापगढ़, गोपालगंज, प्रयागराज समेत आसपास के जनपदों के लोग शामिल हैं। कंपनी के लोगों ने पहले उनसे महंगी डिजिटल करेंसी की खरीदारी कराई। फिर लालच दिया और बाद में उनके दाम सस्ते बताकर कंपनी को घाटा दिखाकर बंद कर दिया। साइबर क्राइम पुलिस ने कंपनी के कथित एमड़ी, सीईओ, सुपरवाइजर, एरिया मैनेजर समेत 8 पर एफआईआर दर्ज किया है। इसके अलावा उनके मददगारों को अज्ञात में रखा है। पीड़ितों ने जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की उनमें अर्जुन शकुमार शर्मा पुत्र पुट्?टी लाल, राजकुमार मौर्या पुत्र लटूरी सिंह, निवासी बुदौन बदायूं, प्रकाश जोशी (डायरेक्टर), नवनीत सिंह पुत्र विजय सिंह, शुभम मौर्या पुत्र, विकास नंदा, दानिश खान पुत्र नौशाद खान, सत्यम पांडे है। वहीं सभी आरोपियों ने आफिस पर ताला लगाकर अपने फोन बंद कर दिए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ितों के अनसुार नवनीत सिंह ने अपने साथियों के साथ आफिस का संचालन करना शुरू किया। वहां पर लोगों को जोड़ने लगा। सबसे ज्यादा लोगों को बनारस, रामनगर और चंदौली में जोड़ा। इन सभी को वादा किया कि 600 दिन में उनकी जमा धनराशि तीन गुना से अधिक हो जाएगी। पहले पैसा जमा करने वालों को लाभांश ओर उपहार भी दिए। जिसके बाद लोगों ने नगदी लगाना शुरू कर दिया। 15 अक्टूबर 2023 को नकदी जमा करने के बाद बीएसजी ने सभी एकाउंट के पेमेंट रोक दिए। मिलने वाला लाभांश भी बंद हो गया, तो निवेशकों ने दबाव बनाया। इसके बाद कंपनी का घाटा बताते हुए नई कंपनी में काम करने का लालच दिया। देखते ही देखते सभी क्रिप्टोकरेंसी क्वाइन की कीमत रुपए में गिरने लगी और लगभग एक डालर के पास पहुंच गई। कंपनी के लोगों ने रेट सस्ता दिखाकर बड़ी राशि लगवाई। फिर पूरे क्वाइन की कीमत को 100 रुपए से कम में ला दिया।



2022 में बीएसजी कंपनी की शुरूआत

कपंनी के संचालकों ने बनारस के 3000 से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाया। वाराणसी के बड़े होटल में 14 सितंबर 2022 को बीएसजी की लांचिंग की गई थी। इसमें कंपनी ने दो सौ लोगों की मौजूदगी में कई लोगों को ज्वाइनिंग दी गई। कंपनी के डायरेक्टर राजकुमार, प्रकाश चंद्र जोशी, अर्जुन कुमार समेत सुपरवाइजर नवनीत सिंह ने सेमिनार में युवाओं से संवाद किया। उन्हें बीएसजी से क्रिप्टोकरेंसी खरीदने को प्रेरित किया। बनारस के रामनगर में आफिस खोला। बिहार निवासी नवनीत सिंह ने रामनगर से अपना आधार कार्ड और किराएदारी बनवाई और स्थानीय परिचय देकर लोगों से मिलने लगा।

### कंपनी निदेशकों ने रियल स्टेट में लगाकर कंपनी को बंद कर दिया : पीड़ित

ठगी के मामले में चंदौली के कमालपुर रामनगर निवासी राजू कुमार पुत्र संतोष, रामनगर निवासी आशुतोष कुमार पुत्र काशी प्रसाद, हर्ष गुप्ता पुत्र दीपक गुप्ता और अंशु सिंह पटेल ने आरोपियों के खिलाफ साइबर थाने में केस दर्ज कराया है। पीड़ित युवकों ने बताया- एक दोस्त के जरिए बुस्ड़ ग्लोबल कंपनी की जानकारी मिली। उसके सेमिनार में शामिल हुए। इसके बाद अपना और रिश्तेदारों का रुपए डिजिटल करेंसी में लगा दिया। राजू कुमार ने अपने साथ लगभग 15 करोड़ रुपए कंपनी में जमा कराकर बीएसजी क्वाइन खरीद लिया। पहले तो खरीद के बाद क्वाइन की कीमतें बढ़ी फिर बड़ी धनराशि जमा होते ही गिरने लगी। 16 हजार रुपए में खरीदा गया क्वाइन 100 रुपए में आ गया। आरोप है कि कंपनी निदेशकों ने अपना सभी रुपए रियल स्टेट में लगाकर कंपनी को बंद कर दिया। लोगों ने रुपए मांगे तो पहले टालमटोल किया, बाद में डिजिटल क्वाइन का दाम बढ़ने का हवाला देकर फोन बंद कर लिया।

## जनता एक्सप्रेस में लाल सूटकेस में मिली अर्द्धनग्न महिला की लाश

♦ जनरल के टॉयलेट के पास रखा हुआ था सूटकेस

**केटी न्यूज/मिजार्पुर**

मिजार्पुर में मुंबई जनता एक्सप्रेस ट्रेन से एक लाल रंग के बैग के अंदर महिला का सिर कटा शव मिला। उसके धड़ को मोड़कर फुल साइज सूटकेस (77 सीएम) के अंदर पैक किया गया था। शव के ऊपर पन्नी भी लपेटी गई थी। महिला के शरीर पर आधे कपड़े हैं। उसने सिर्फ ब्लाउज और पेटीकोट पहन रखा है। महिला ने पैर में दो-दो बिछिया पहनी हुई हैं। हाथ में गोल्डन कलर की 4-4 चूड़ियां हैं। महिला की उम्र करीब 25 साल बताई जा रही है। आशंका जाहिर की जा रही है कि महिला का शव पटना में ट्रेन की जनरल बोगी में रखा गया। मामला



मिजार्पुर के चुनार स्टेशन का है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मुंबई जनता एक्सप्रेस ट्रेन (नंबर- 13201) पटना से चलकर मुंबई तक जाती है। ये ट्रेन पटना से करीब साढ़े 5 बजे चलती है। उसके बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन और चुनार स्टेशन होते हुए मिजार्पुर स्टेशन आती है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। शव मिलने की जानकारी पटना पुलिस को भी दी गई है। जिससे महिला की पहचान होने में आसानी हो सके। साथ ही पटना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन और चुनार स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं। ट्रेन पर सवार एक यात्री ने बताया, जनरल बोगी में बहुत भीड़ होती है ऐसे में ट्रेन में कौन चढ़ा और कौन उतरा ये पहचानना मुश्किल होता है। ये लाल बैग तो वैसे भी जनरल के टॉयलेट के पास रखा हुआ था। वहां पर भी काफी लोग बैठे हुए थे। हम लोगों को लग रहा था किसी का होगा। लेकिन कुछ देर बाद बैग कुछ गीला लगा। हम लोगों ने पैर से हिला कर देखा था, नीचे पूरा खून फैला हुआ था। तब हम लोग पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचने वाले थे। जब तक हम लोग जीआरपी को सूचना देते ट्रेन चुनार के लिए रवाना हो चुकी थी। उसके बाद चुनार स्टेशन पर जानकारी दी गई। जिसके बाद उस स्टेशन पर बैग को ट्रेन से उतारा गया और सफाई करवाई गई।

### पटना पुलिस को भी सूचना दी गई : इंस्पेक्टर

आरपीएफ चुनार इंस्पेक्टर मो. सालिक ने बताया, जानकारी मिलते ही बैग को बोगी से नीचे उतारा गया। बैग काफी भारी लग रहा था। महिला का शरीर पर काफी फूला हुआ था। शव 1-2 दिन पुराना लग रहा है। गर्मी के कारण वो सड़ गया है। हम लोग मामले की जानकारी कर रहे हैं। सिर न होने की वजह से शिनाख्त में परेशानी हो रही है। पटना तक सूचना दे दी गई है। जल्द ही महिला की पहचान कर ली जाएगी।

## आगरा के अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने जौनपुर सिविल कोर्ट सीनियर डिवीजन में किया केस फाइल

# अटाला मस्जिद को अटाला माता मंदिर बताते हुए कोर्ट में वाद प्रस्तुत

**केटी न्यूज/जौनपुर**

शुक्रवार को आगरा के अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने जौनपुर की सिविल न्यायालय सीनियर डिवीजन में शहर ले अटाला मस्जिद को अटाला माता का मंदिर बताते हुए केस फाइल किया है। अधिवक्ता अजय प्रताप ने बताया कि वाद संपत्ति अटाला मस्जिद मूल रूप से अटाला माता का मंदिर है। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक स्त्रोतों के अनुसार अटाला माता मंदिर का निर्माण कन्नौज के राजा जय चंद्र राठौर ने करवाया था।

अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के प्रथम निदेशक ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है,कि अटाला माता मंदिर को तोड़ने का आदेश फिरोजशाह ने दिया था। लेकिन हिन्दुओ के विरोध के बाद मंदिर नही टूट पाया। जिसके बाद इब्राहिम शाह मंदिर का उपयोग मस्जिद के रूप में करने लगा।

अधिवक्ता ने बताया कि कलकत्ता स्कूल ऑफ आर्ट के प्रिंसिपल ए बी हावेल ने अपनी किताब इंडियन आर्किटेक्चर इट्स साइकोलॉजी, स्ट्रक्चर एंड हिस्ट्री फ्रॉम द फर्स्ट मोहमदन इन्वेजन टू प्रिजेंट डे में अटाला मस्जिद की प्रकृति व चरित्र को हिन्दू बताया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की तमाम रिपोर्ट्स में



मस्जिद का चित्र दिया है जिसमे त्रिसूल, गुड़हल का फूल आदि मिला है। एसियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल के जनरल ने सन 1865 में अटाला मस्जिद के भवन पर कलश की आकृति का होना बताया है। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अटाला माता का मंदिर ही मूल भवन है।कारण यह है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन एक संरक्षित स्मारक है। केस में अटाला माता,आस्थान अटाला माता,योगेश्वर श्रीकृष्ण सांस्कृतिक अनुसंधान संस्थान ट्रस्ट, क्षत्रिय शक्तिपीठ विकास ट्रस्ट, आर्य संस्कृति संरक्षण ट्रस्ट व अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह वादी है।और उत्तर प्रदेश सुन्नी बक्फ बोर्ड,प्रबंधन कमेटी विपक्षी है।जिसकी सुनवाई माननीय न्यायाधीश श्री मती किरण मिश्रा जी के न्यायालय में है। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह के अलावा अधिवक्ता उपेंद्र विक्रम सिंह,अधिवक्ता इशांत प्रताप सिंह सेंगर,अधिवक्ता विमल कुमार सिंह,अधिवक्ता धनंजय तिवारी आदि अधिवक्ताओं के साथ आर्य संस्कृति संरक्षण ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहे। माननीय न्यायालय ने सुनवाई तथ्यों को संज्ञान में लेते हुए नोटिस का आदेश जारी किया।



## सुभाषितम्

बिना जोश के आज तक कोई भी महान कार्य नहीं हुआ।

- सुभाष चंद्र बोस

## ईड़ी के पैरों पर सुप्रीम कोर्ट ने डाली बेड़ियां

केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ईड़ी के अधिकारियों द्वारा जिस तरह से पीएमएलए कानून में गिरफ्तारियां की जा रही थी। गिरफ्तारी करने के बाद सबूत तलाशे जाते थे। जिन लोगों को ईड़ी गिरफ्तार कर लेती थी। उन्हें महीनो और सालों तक जांच और चार्ज शीट पेश करने के नाम पर जेल में बंद रखकर प्रताड़ित किया जाता था। दिल्ली के शराब घोटाले मामले में 2 साल से आरोपी जेल में बंद है। हनुमान जी की पूंछ की तरह शराब घोटाले में आरोपियों और गिरफ्तारियो की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही थी। ट्रायल कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से पीएमएलए कानून में विशेष प्रावधान होने के कारण न्यायपालिका जमानत नहीं दे सकती थी। ईड़ी की कार्यप्रणाली को लेकर धीरे-धीरे खुलासे हुए। तब जाकर सुप्रीम कोर्ट को समझ आया, केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) कानून मे मिले विशेष अधिकारों का दुरुपयोग कर रहे हैं। बिना नियम कानून का पालन किये मनमाने तौर पर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। मनी लॉन्ड्रिंग कानून में दोहरे प्रावधान होने के कारण आरोपियों को दो अलग-अलग परीक्षण से गुजरना होता था। ईड़ी के अधिकारी पीएमएलए कानून की धारा 19 तथा धारा 45 के नियमों के तहत मिले विशेष अधिकारों का दुरुपयोग कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जवल भुईया की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के पश्चात ईड़ी के अधिकारियों के पैरों पर कानून की बेडियां पहना दी हैं। अब ईड़ी के अधिकारी कानून के तहत मिले विशेष अधिकारों का दुरुपयोग नहीं कर पाएंगे। सुप्रीम कोर्ट के ही न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपंकर दत्ता की खंडपीठ ने अरविंद केजरीवाल के मामले में भी अंतरिम जमानत देकर, ईड़ी की कार्य प्रणाली और ईड़ी के अधिकारियों द्वारा कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर जमकर लताड़ लगाई थी। ईड़ी के अधिकारियों द्वारा जो मनमानी की जा रही थी। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उस पर रोक लग जाएगी। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी अब धारा 19 में किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे, जब तक इसकी अनुमति स्पेशल कोर्ट से न ली गई हो। गिरफ्तारी के पहले अधिकारियों को न्यायालय में सबूत प्रस्तुत करने होंगे। न्यायालय की संतुष्टी होने पर गिरफ्तारी की अनुमति मिलेगी। बिना सबूत, केवल आरोप के आधार पर अब किसी की गिरफ्तारी संभव नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है, जो आरोपी कोर्ट के सामने पेश हो जाता है। उसके संबंध में कोई भी निर्णय करने का अधिकार केवल न्यायपालिका को होगा। किसी भी कार्यवाही के लिए विशेष अदालत से ईड़ी को पूर्व अनुमति लेना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्णय दिया है। उसके अनुसार कोर्ट पहले सरकारी वकील को सुनेगा। उसके बाद यदि कोर्ट संतुष्ट होगी, आरोपी दोषी नहीं है, या उसकी गिरफ्तारी जरूरी है। ऐसे सभी मामलों में न्यायालय द्वारा निर्णय लिए जाएंगे। अदालत को ऐसा लगता है, जमानत मिलने के बाद आरोपी अपराध नहीं करेगा। तो विशेष अदालत (ट्रायल कोर्ट) भी आरोपी को जमानत दे सकेगी। पिछले दो-तीन वर्षों में ईड़ी के अधिकारियों का खौफ सारे देश में सभी वर्गों के ऊपर फैल गया था। पीएमएलए कानून में लंबे समय तक जमानत नहीं होती थी। दोहरे कानून होने के कारण न्यायालय से भी गिरफ्तार व्यक्तियों को जमानत नहीं मिल पा रही थी। विपक्ष लगातार आरोप लगाता था, सरकार के इशारे पर ईड़ी के अधिकारी विपक्षी दलों के नेताओं पर जानबूझकर आरोप के आधार पर जेल भेज रहे हैं। गिरफ्तारी के बाद डरा -धमका कर बयान लेने और सबूत जुटाने का प्रयास ईड़ी के अधिकारी करते हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से ईड़ी का जो खौफ विपक्षी दलों के नेताओं, अधिकारियों, कारोबारी तथा सरकार से सवाल पूछने वाले लोगों के बीच में बना हुआ था। उससे अब लोगों को राहत मिलेगी।

## चिंतन-मनन


### धर्म का अर्थ



किसी संत के पास एक युवक आया और उसने उनसे धर्म ज्ञान देने की प्रार्थना की। संत ने कहा कि वह उनके साथ कुछ दिन रहे, फिर वे उसे धर्म का सार बताएंगे। युवक उनके आश्रम में रहने लगा। वह संत की हर बात मानता और उनकी सेवा करता। इस तरह कई दिन बीत गए। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि संत उसे धर्म के बारे में कब बताएंगे। वह उनसे धर्म की चर्चा करने के लिए उत्सुक था। वह चाहता था कि उनसे शिक्षा प्राप्त कर घर लौट जाए पर संत कुछ खास कह ही नहीं रहे थे। युवक का धैर्य जवाब दे रहा था। एक दिन उसने पूछ ही दिया-मुझे आए इतने दिन हो गए पर अब तक आपने मुझे धर्म का सार नहीं बताया। आखिर मैं कब तक प्रतीक्षा करूं संत ने हंसकर कहा-कैसी बात कर रहे हो। तुम जिस दिन से मेरे साथ रह रहे हो उस दिन से मैं तुम्हें धर्म का सार बता रहा हूं। पर तुम ध्यान ही नहीं दे रहे। युवक ने चौंककर कहा-वो कैसे संत बोले- जब तुम मेरे लिए पानी लाते हो, मैं उसे सदैव प्रेम से स्वीकार करता हूं। तुम्हारे प्रति आभार भी प्रकट करता हूं। जब-जब तुमने मुझे आदरपूर्वक प्रणाम किया, मैंने तुम्हारे साथ नम्रता का व्यवहार किया। यही तो धर्म है जो हमारे दैनंदिन व्यवहार में झलकता है। धर्म कोई पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। तुम मेरे और कार्यों पर गौर करो। मैं लोगों से कैसे मिलता हूं और किस तरह उनकी सहायता करता हूं। इससे अलग कुछ भी धर्म नहीं है। युवक संत का आशय समझ गया।

# श्रीलंका में भी होती है माता सीता जी की पूजा !

- डॉ श्रीगोपाल नारसन



भारत ही नही ,श्रीलंका में भी होती है माता सीता जी का पूजा।श्रीलंका में जहां कभी रावण ने सीता माता को बंदी बनाकर रखा था,आज वहां एक ऐसा मंदिर है, जहां मुख्य रूप से सीता माता की पूजा अर्चना होती है ,इस मंदिर में सीता माता की भव्य प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठित है।विश्वभर में यही एक ऐसा स्थल है, जहां सीता माता ने असुरराज रावण की कैद में लंबा समय बिताया था।यहां के तमिल भाषी लोग न हिंदी बोल पाते हैं और न ही हिंदी समझ पाते है, फिर भी यहां हनुमान चालीसा पढ़ी व गुनगुनाई जाती है,साथ ही सीता माता को एक देवी के रूप में रूहानियत का सम्मान दिया जाता है। असुरराज रावण के राज्य श्रीलंका के न्यूवार इलिया नामक पर्वत पर बसे न्यूवार इलिया कस्बे से 5 कि. मी. दूर केन्डी रोड पर इस सीता इलिया अथवा सीता अम्मान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। सीता माता के इस एकमात्र भव्य मंदिर का निर्माण यद्यपि सन 1998 में ही हुआ है,किंतु मान्यताओं एवं किंवदन्तियों की दृष्टि में यह वहीं पवित्र स्थल है जहां रावण द्वारा सीता माता को बन्दी बनाकर रखा गया था। शांत किन्तु रमणीक ग्रामीण पृष्ठभूमि के इस क्षेत्र में एक झरने के निकट बनाये गए इस मंदिर की गोलाकार छत बहुरंगी पौराणिक चित्रों से समृद्ध प्रतीत होती है। श्रीलंका सरकार द्वारा पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थल होने की आशा से इस पूरी योजना को सीता इलिया प्रोजेक्ट का नाम दिया गया है। हालांकि श्रीलंका में सीता माता का ही एक मंदिर नही है। बल्कि श्रीलंका को मंदिरो का देश कहे तो भी गलत नही होगा। आइए जानते है यहां के कुछ प्रसिद्ध मंदिरो के बारे में,

### गंगारामया मंदिर

श्रीलंका के कोलंबो में स्थित गंगारामया मंदिर बहुत प्राचीन है और यहां आने वाले लोगों की आस्था भी बहुत अधिक है। यह मंदिर आधुनिकता और सांस्कृतिक वास्तुकला का मिश्रण कहा जा सकता है। यह कोलंबो शहर के बीच में स्थित है। यहां पहुंचने के लिए कोलंबो एयरपोर्ट से 40 मिनट का समय कार द्वारा लगता हैं।

### दलदा मालीगावा

अगर कोई व्यक्ति श्रीलंका में आध्यात्मिक समय व्यतीत करना चाहता है तो वह श्री दलदा मालीगावा मंदिर के दर्शन करने अवश्य जाएं। यहां पर श्रीलंका के सबसे पवित्र अवशेष देखे जा सकते हैं। यह बहुत ही सुंदर व भव्य मंदिर है और यहां पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम भी देखने योग्य होते हैं।

### नागुलेश्वरम मंदिर

श्रीलंका के सबसे मशहूर मंदिरों में से एक है नागुलेश्वरम मंदिर, इस मंदिर में भगवान शिव की पूजा होती है। यह कीरिमलाई वॉटर स्प्रिंग के सामने स्थित है। यहां वातावरण बहुत ही पवित्र व धार्मिक है।इस मंदिर में पूजा करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते है।

### शंकरी देवी मंदिर

शंकरी देवी मंदिर श्रीलंका में रावण के द्वारा बनाया गया था। यह मंदिर कोनेश्वरम के पास स्थित है।इस मंदिर का हिंदू धर्म में काफी महत्व है। तभी तो बड़ी संख्या में हिन्दू इस मंदिर में शिव साधना के लिए पहुंचते है।इस मंदिर से बहुत ही खूबसूरत इंडियन ओशन का नजारा देखा जा सकता है।

### काटारगामा मंदिर

श्रीलंका में यह मंदिर सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। यहां भगवान कार्तिकेय की पूजा की जाती है। इस मंदिर की बाबत एक धार्मिक कहानी है, जो कि भगवान इंद्र और कार्तिकेय से जुड़ी हुई है। जिसे जानने के लिए श्रद्धालु दूर दूर से इस मंदिर में पहुंचते है और अपनी मनोकामना पूरी करते है।

### केव मंदिर

श्रीलंका में इस मंदिर को दांबुला का स्वर्ण मंदिर भी कहा जाता है। यह एक यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट है। यह श्रीलंका में सबसे बड़ा केव मंदिर है और यह सबसे मशहूर मंदिर में से एक है। यहां पर पूजा अर्चना करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं को खूबसूरत नजारें भी देखने को मिलते हैं।

### मवीदापुरम कंडास्वामी

भगवान स्कंदा को समर्पित यह मंदिर श्रीलंका में काफी मशहूर है। ऐसा माना जाता है कि यह मंदिर तमिलनाडू की एक राजकुमारी द्वारा बनवाया गया था। इस मंदिर की वास्तुकला बहुत ही खूबसूरत हैव दर्शनीय है।

### मुनेस्वरम मंदिर

श्रीलंका के मुनेस्वरम मंदिर परिसर में एक साथ पांच मंदिर है जिनमें बुद्ध, शिव व तीन अन्य देवी देवताओं के मंदिर है। यह मंदिर श्रीलंका के मंदिरों की श्रंखला में काफी लोकप्रिय है, इन मंदिरों की वास्तुकला कुछ विशेष ही नजर आती है। लोग इस मंदिर में आस्थाभाव के साथ पूजा अर्चना करने आते है।जहां कहते है मन की मुराद भी पूरी होती है।

# झूठे वायदों एवं वादों से चुनाव को बचाना होगा

- ललित गर्ग

लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं, पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य-आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंसह्ल यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिश्योक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेजी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पदार्पाश पहले ही हो गया है। ह्यआपह्ल ने अपने कामकाज के तरीके में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं। जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडम्बना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतूके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरूआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के 5 किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव जरूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से गरीबी नहीं हटी क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम गरीबों तक पहुंची ही नहीं। अतीत गवाह है विगत दावों और वादों की हकीकत का। हालांकि यह देखना बाकी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी इंडियाह्ल गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है। ऐसे अतिश्योक्तिपूर्ण बयान कभी सच होते हुए नहीं देखें गये हैं। निश्चित ही चुनाव परिणाम भविष्य के गर्भ में है एवं इसकी 4 जून को घोषणा सभी के लिये आश्चर्यकारी एवं चमत्कृत करने वाली होगी। देश का अगला प्रधानमंत्री चुनने के लिए चार चरणों की वोटिंग पूरी हो चुकी है। लोकसभा की कुल 543 सीटों में 380 सीटों के लिए वोट डाले चुके हैं। इन चार चरणों की वोटिंग के बाद हर राजनीतिक दल हवा का रुख भांपने को कोशिश कर रहा है लेकिन उनका यह आकलन सत्य से परे हो, बिलकुल ही आधारहीन हो, इसे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये अनुकूल नहीं माना जा सकता। यहां सत्ताधारी भाजपा से लेकर विपक्षी कांग्रेस सभी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन चार चरणों में 270 सीटें जीतने का दावा करते हुए 400 का टार्गेट आसानी से पूरा करने की बात कही, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो वायदें किये, उन्हें पूरा किया। 1990 के दशक और 21वीं शताब्दी के शुरूआती सालों में भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने के वादे के साथ सत्ता में आई एवं उसने मन्दिर बना दिया। भाजपा ने खुद को पार्टी विद डिफरेंस कहकर भी प्रचारित किया और जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का वादा भी किया। उसने वह भी पूरा किया।

# मोदी के बाद फिलहाल मोदी ही, और कोई नहीं

- राकेश अचल

`दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बहुत छलिया हैं । उन्होंने भाजपा और आरएसएस के साथ ही प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी की दुखती रग को छेड़ दिया है। केजरीवाल ने कहा है कि मोदी जी की तो रिटायरमेंट की उम्र हो चुकी है ,उनके बाद कौन उनकी दी जा रही गारंटियां लेगा केजरीवाल को ऐसा नहीं कहना चाहिए ,क्योंकि मोदी जी आम आदमी पार्टी का नहीं भारतीय जनता पार्टी का अंदरूनी मामला हैं। केजरीवाल की टिप्पणी के बाद पूरी भाजपा बिलबिला गयी है ,लेकिन केंद्रीय गृहमंत्री और मोदी जी के हनुमान श्री अमित शाह से नहीं रहा गया । उन्होंने कह ही दिया कि मोदी जी अभी रिटायर होने वाले नहीं हैं,वे 2029 तक देश के प्रधानमंत्री रहेंगे। शाह साहब आखिर मोदी जी के बारे में इससे ज्यादा क्या कहते वे ये तो नहीं कह सकते थे कि मोदी जी 2034 तक प्रधानमंत्री रहेंगे या 2047 तक शाह साहब को खुद नहीं पता कल के बारे में ।लेकिन मैं चाहता हूँ कि मोदी जी कब तक प्रधानमंत्री रहेंगे ये भाजपा या शाह या केजरीवाल पर नहीं खुद मोदी जी के ऊपर छोड़ देना चाहिए। कोई उन्हें लालकृष्ण आडवाणी जी की तरह धकियाकर प्रधानमंत्री बने ये मुझे बर्दाश्त नहीं। भारत की राजनीति में जैसे कांग्रेस के राहुल गांधी मोदी जी के सिर पर सवार एक भूत हैं ठीक उसी तरह मोदी जी का भूत राहुल गांधी के ही नहीं बल्कि पूरे विपक्ष और देश की 37 फीसदी आबादी के सिर पर सवार हैं। भूत होना कोई बुरी बात नहीं है। भूत ही अभूतपूर्व होता है। मोदी जी को नाश्ते में हर रोज दो किलो गालियां लगतीं हैं, वे अभूतपूर्व होने पर भी मिल रहीं है और भूतपूर्व होने पर भी आसानी से मिलेंगीं। जैसे मोदी जी दस साल बाद भी हर असफलता के लिए कांग्रेस की सरकार और देश के पहले प्रधानमंत्री से लेकर सत्रहवें प्रधानमंत्री को कोसते रहते हैं ,उन्हें भी वही उपचार उपलब्ध रहेगा। दरअसल मोदी जी को लेकर देश ही नहीं पूरी भाजपा और भाजपा की जननी आरएसएस बुरी तरह से उलझ गयी है । दोनों के पास इस सवाल का कोई फौरी जबाब नहीं है कि - मोदी के बाद कौन इस सवाल पर दोनों संस्थाएं मौन हैं। तय है कि मोदीजी के बाद कोई तो होगा किन्तु किसी में इतना साहस नहीं है कि वो मोदी जी के सामने ये घोषणा कर सके कि मोदी के बाद फलां साहब भाजपा की और से प्रधानमंत्री के प्रत्याशी होंगे। ये समस्या ठीक वैसी ही है जैसी कि कांग्रेस में है। कांग्रेस में - राहुल के बाद कौन पर सब मौन रहते हैं। हालाँकि कांग्रेस में राहुल के बाद उनकी बहन खड़ी नजर आतीं है लेकिन भाजपा में तो मोदी के बाद कोसों ,मीलों दूर तक केवल और केवल मोदी जी ही दिखाई देते हैं। मुझे तो कभी -कभी लगता है कि आज भी मोदी के आगे या पीछे केवल मोदी जी ही हैं। ठीक उसी तरह जैसे तीतर के आगे दो तीतर ,तीतर के पीछे दो तीतर होते हैं यानि आगे तीतर ,पीछे तीतर। अब बोलो कितने तीतर भाजपा में मोदी एक नहीं अनेक का प्रतीक हैं। वे अपने पूर्ववर्ती अटल बिहारी बाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी ही नहीं अपितु संघ के संस्थापक से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जायेंगे। भाजपा चाहकर भी मोदी जी को किसी कालपत्र में रखकर जमीदोज नहीं कर सकती। कालपात्र बनाने और उसे जमींदोज करने का सिलसिला तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने शुरू किया था।

## आज का राशिफल

**मेष** भाग्य में वृद्धि के योग हैं। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और कारोबार में कोई खास डील फाइनल हो सकती है।

**वृषभ** ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कहीं जरूरी काम से यात्रा पर जाने के योग आपके लिए बन रहे हैं।

**मिथुन** दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में आपको सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क** आज भाग्य साथ देगा। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है।

**सिंह** दिन काफी व्यस्त रखने वाला है। आपका धर्म और आध्यात्म के मामले में काम करने में मन लगेगा।

**कन्या** समस्याओं वाला रहेगा। आज आपको हर कार्य में संयम और सावधानी रखने की जरूरत है।

**तुला** दिन लाभ देने वाला रहेगा। आज ऑफिस के मामले में सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं।

**वृश्चिक** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। रुका पैसा मिलने से रुके कार्य फिर से आरंभ हो जाएंगे।

**धनु** दिन सावधानी और सतर्कता से काम करने का है। आपको बिजनस में अच्छा मुनाफा होगा।

**मकर** पार्टनरशिप के मामले में आपको लाभ होगा। घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है।

**कुंभ** आज भाग्य में वृद्धि का दिन है। बेहतर होगा कि आज आप अपनी सेहत पर भी ध्यान दें।

**मीन** आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने के लिए दिन सही नहीं है।

## विशेष

### यशवंत सिन्हा के समर्थकों की भाजपा से छुट्टी

पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा बीजेपी के कार्यकताओं के बीच खासी लोकप्रिय है। भाजपा का एक बहुत बड़ा वर्ग उनकी इज्जत और प्रशंसा करता है। यह प्रशंसा और उनकी इज्जत भाजपा को रास नहीं आ रही है। भाजपा नेताओं में असुरक्षा की भावना इतनी बढ़ गई है, कि भाजपा के ज्यादातर कार्यकताओं को यह कहकर पार्टी से रुखसत किया जा रहा है। तुम यशवंत सिन्हा के आदमी हो। हजारीबाग में इस बात की हवा फैल गई है। मोदी ने कुछ ठीक नहीं किया। यशवंत जी जब थे तब भाजपा अच्छा काम कर रही थी। पार्टी ने पहले यशवंत सिन्हा को काटा, अब जयंत सिन्हा को भी काट दिया है। इसका असर अब लोकसभा चुनाव में पडता हुआ दिख रहा है।

### चुनाव के बाद महाराष्ट्र में कौन किसके साथ जाएगा

महाराष्ट्र की राजनीति में बड़े परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के बारे में कहा, जब भी वह कोई मुसीबत में होंगे। सबसे पहले मैं उनके साथ खड़ा रहूंगा। पहले उनकी विरासत छीन ली। मुख्यमंत्री की कुर्सी छीन ली। शिवसेना को दो टुकड़ों में बांट दिया। उद्धव ठाकरे को नकली वारिस बता दिया।महाराष्ट्र में जिस तरीके की राजनीतिक स्थिति बनी हुई है। उसने भाजपा की चिंता को बढ़ा दिया है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1643: आस्ट्रिया की एन को फ्रांस में शासन के सारे अधिकार मिले. 1736: रूस ने रोम की मदद से तुर्की पर हमला किया. 1804: नेपोलियन बोनापार्ट को फ्रांस का शहंशाह घोषित किया गया. 1845: प्रसिया,रूस और आस्ट्रिया में शांति संधि हुई. 1899: अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन का आयोजन हेंग नीदरलैंड्स में हुआ था. 1912: आर.जी.टोनी की फिल्म पुंडलिक मुंबई में प्रदर्शित की गई. 1919: ब्रिटिश दार्शनिक बर्ट्रेंड रसेल का जन्म हुआ. 1944 द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी में कई महत्वपूर्ण ठिकाने छीन लिये गए. 1954: यूरोपीय मानवाधिकार घोषणापत्र प्रभावी हुआ. 1967: राष्ट्रसंघ सेना गाजा पट्टी से हटाने की घोषणा की गई. 1974: भारत ने पहला परमाणु परीक्षण राजस्थान के रेगिस्तान में किया. 1988: अफगानिस्तान से सोवियत सैनिकों की वापसी शुरू हुई.

## दैनिक पंचांग

**18 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 05.05 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मिथुन | 07.07 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 09.21 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.37 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 13.49 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 15.59 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 18.14 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.30 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.35 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 00.22 बजे से |
| 9.00 से 10.30 बजे तक | | मीन | 01.55 बजे से |
| | | मेष | 03.25 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 139 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 11.23 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 00.23 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** हर्षण 10.25 बजे को समाप्त।
**करण** गर 11.23 बजे तदनन्तर वणिज 00.39 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 09.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 37'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871983
**जूलियन दिन** 2460448.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 09

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

आरक्षण पर विवाद जब-जब गहराया है, लालू प्रसाद यादव इसके सबसे बड़े लाभुक बने हैं। 90 के दशक में मंडल आयोग की सिफारिशों से लेकर 2015 में आरक्षण की समीक्षा संबंधी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान तक को लालू ने अपने पक्ष में भुनाया है। इस बार मुस्लिम आरक्षण की वकालत कर वे अपनी कामयाबी के सूत्र तलाशने में लगे हैं। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने साफ कहा है कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए। कांग्रेस ने भी सरकार बनने पर मुस्लिम आरक्षण की बात कही है। आजादी के बाद से ही आमतौर पर मुसलमानों के ईर्द-गिर्द घूमने वाली सियासत में पिछले दो लोकसभा चुनावों के दौरान बड़ा बदलाव देखने को मिला था। राजनीति में मुसलमान हाशिए पर चले गए थे। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के गठन के बाद राजनीति में मुसलमानों को विपक्ष ने निर्णायक मान लिया है। यही वजह है कि भाजपा को छोड़ विपक्ष के तकरीबन सभी दल मुस्लिम तुष्टिकरण की राह पर चल पड़े हैं। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन के कांग्रेस और राहुल गांधी की तारीफ में दिए बयान से विपक्षी दलों पर मुस्लिम तुष्टिकरण के भाजपा के आरोपों को काफी बल मिला है।

# मुस्लिम आरक्षण पर आर-पार के मूड में 'इंडिया' गठबंधन

## लालू की मेहरबानी का 'राज' जान क्या भाजपा में होगी खलबली



(देवेन्द्र कश्यप)

आरक्षण पर विवाद जब-जब गहराया है, लालू प्रसाद यादव इसके सबसे बड़े लाभुक बने हैं। 90 के दशक में मंडल आयोग की सिफारिशों से लेकर 2015 में आरक्षण की समीक्षा संबंधी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान तक को लालू ने अपने पक्ष में भुनाया है। इस बार मुस्लिम आरक्षण की वकालत कर वे अपनी कामयाबी के सूत्र तलाशने में लगे हैं। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने साफ कहा है कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए। कांग्रेस ने भी सरकार बनने पर मुस्लिम आरक्षण की बात कही है। आजादी के बाद से ही आमतौर पर मुसलमानों के इर्द-गिर्द घूमने वाली सियासत में पिछले दो लोकसभा चुनावों के दौरान बड़ा बदलाव देखने को मिला था। राजनीति में मुसलमान हाशिए पर चले गए थे। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के गठन के बाद राजनीति में मुसलमानों को विपक्ष ने निर्णायक मान लिया है। यही वजह है कि भाजपा को छोड़ विपक्ष के तकरीबन सभी दल मुस्लिम तुष्टिकरण की राह पर चल पड़े हैं। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन के कांग्रेस और राहुल गांधी की तारीफ में दिए बयान से विपक्षी दलों पर मुस्लिम तुष्टिकरण के भाजपा के आरोपों को काफी बल मिला है।

### मुसलमानों के बारे में कांग्रेस का वादा

कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणापत्र में कहा है- 'हम व्यक्तिगत कानूनों में सुधार को प्रोत्साहित करेंगे। ऐसा सुधार संबंधित समुदायों की भागीदारी और सहमति से किया जाना चाहिए। इसमें मुसलमानों का उल्लेख तो नहीं है, लेकिन यह सीधे-सीधे भाजपा के समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की दिशा में जारी प्रक्रिया के खिलाफ है। भाजपा चाहती है 'एक देश, एक कानून।' मुस्लिम पर्सनल ला को खत्म करना ही यूसीसी लागू करने का मकसद है। कांग्रेस ने यह भी कहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सभी जाति और समुदायों को बिना भेदभाव के दिया जाएगा। यानी ईडब्लूएस में मुसलमानों को भी शामिल किया जाएगा। कांग्रेस ने घोषणापत्र में यह भी कहा है- भोजन और पहनावे, प्यार और शादी, और भारत के किसी भी हिस्से में यात्रा और निवास की व्यक्तिगत पसंद में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। सभी मौजूदा कानून और नियम, जो निजी स्वतंत्रता में अनुचित हस्तक्षेप करते हैं, निरस्त कर दिए जाएंगे। कांग्रेस ने यह भी वादा किया है- हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में एससी, एसटी, ओबीसी और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों से अधिकाधिक न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाएगी। यानी उच्च न्यायिक सेवाओं में मुसलमानों को भी बढ़ावा देने का वादा कांग्रेस ने किया है। भाजपा इसे ही कांग्रेस का मुस्लिम तुष्टिकरण बता रही है।

### लालू मुस्लिमों को आरक्षण पर राजी



लालू प्रसाद यादव ने तीसरे चरण के मतदान के दिन ही मुसलमानों के बारे में अपना इरादा स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को आरक्षण जरूर मिलना चाहिए। लालू की यह बात कांग्रेस के घोषणापत्र के वादे से मेल खाती है, जिसे भाजपा ने यह कह कर चुनावी मुद्दा बना लिया है कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप दिखाई दे रही है। पीएम नरेंद्र मोदी अपनी सभी सभाओं में यह आरोप शिद्दत से विपक्षी गठबंधन पर मढ़ते हैं कि पिछड़ों का आरक्षण छीन कर कांग्रेस मुसलमानों को देना चाहते है। लालू ने मुसलमानों को भी आरक्षण देने की वकालत तब की, जब विधान परिषद में नीतीश कुमार और राबड़ी देवी सदस्यता की शपथ ले रहे थे। लालू भी वहां पहुंचे हुए थे।

### कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण कानून

लोकसभा चुनाव में भाजपा कर्नाटक में मुसलमानों को ओबीसी कोटे के आरक्षण में भागीदार बनाने पर आपत्ति जता रही है। भाजपा का मानना है कि यह ओबीसी की हकमारी है। कर्नाटक में सिद्धरमैया की सरकार ने ओबीसी में हर श्रेणी के मुसलमानों को शामिल कर आरक्षण का प्रावधान किया है। हालांकि कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण कोई नई बात नहीं है। सबसे पहले एचडी देवेगौड़ा के सीएम रहते 1995 में कर्नाटक में मुसलमानों को ओबीसी कोटा का लाभ देने के लिए 2बी की धारा जोड़ी गई थी। इसके तहत चार प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को दिया गया था। इसके लिए तर्क दिया गया था चिन्नप्पा रेड्डी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। इससे आरक्षण को 50 प्रतिशत तक सीमित रखने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की अवहेलना भी नहीं होती है। चिनप्पा रेड्डी की रिपोर्ट का वीरप्पा मोइली के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने सबसे पहले संज्ञान लिया था। वर्ष 1994 में मुसलमानों, बौद्धों और ईसाई धर्म में परिवर्तित अनुसूचित जाति के लिए अधिक पिछड़े के रूप में पहचानी गई श्रेणी 2बी में छह प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। मुसलमानों के लिए भी चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। वीरप्पा मोइली की सरकार के आरक्षण संबंधी फैसले को कुछ संशोधन के साथ देवेगौड़ा ने भी बरकरार रखा। भाजपा इसे ही आधार बना कर कह रही है कि कांग्रेस ओबीसी के आरक्षण का हिस्सा काट कर मुसलमानों को दे रही है।



### पाक के नेता राहुल की तारीफ में कसीदे गढ़ रहें

लोकसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने राहुल गांधी और कांग्रेस को लेकर सोशल मीडिया पर हाल ही में दो पोस्ट डाले थे। सबसे पहले चौधरी फवाद के बारे में जान लीजिए। ये वही शख्स हैं, जिन्होंने 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने का दावा किया था। उसके बाद वे सुर्खियों में आ गए थे। इस बार राहुल के भाषण के एक अंश को 'राहुल ऑन फायर' कैप्शन के साथ उन्होंने राहुल की तुलना जवाहरलाल नेहरू से की है। उन्होंने दोनों ही नेताओं को समाजवादी बताया है। उन्होंने राहुल गांधी की न सिर्फ तारीफ की है, बल्कि यह भी कहा है कि नरेंद्र मोदी को रोकना जरूरी है।

भाजपा इसे कांग्रेस के पाकिस्तान कनेक्शन के रूप में देख रही है। इसे लेकर पीएम मोदी का कहना है कि कांग्रेस भारत में मर रही है तो तकलीफ पाकिस्तान को हो रही है। हालांकि इसे लेकर कांग्रेस के सीनियर लीडर राशिद अल्वी का अलग ही दावा है। कहते हैं कि पाकिस्तान से कांग्रेस का नहीं, बल्कि भाजपा के गहरे ताल्लुकात हैं। अल्वी ने कहा है कि फवाद चौधरी का बयान पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ और उनके भाई की सरकार के दबाव में आया है। नवाज शरीफ से पीएम मोदी के अच्छे रिश्ते रहे हैं। नरेंद्र मोदी अपने फायदे के लिए ऐसा बयान दिलवा रहे हैं।

### मुसलमान फिर राजनीति के केंद्र में

वर्ष 2014 में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही मुस्लिम राजनीति हाशिए पर चली गई थी। अब फिर इसे हवा मिलने लगी है। भाजपा को अपना दुश्मन मानने वाली मुसलमानों की एक बड़ी जमात को इससे ताकत मिली है। वे भी गैर भाजपा दलों में अपना हित देख रहे हैं। इसलिए विपक्षी पार्टियां मुसलमानों को अधिक तरजीह दे रही हैं। यह सब सिर्फ लोकसभा चुनाव में आगे निकलने की होड़ में हो रहा है। भाजपा हिन्दू वोटों का ध्रुवीकरण चाहती है तो विपक्षी गठबंधन इंडिया मुसलमानों का एकमुश्त वोट हासिल करने की जुगत में हैं। बहरहाल, किसे इसका लाभ मिलेगा और किसे इसका नुकसान उठाना पड़ेगा, यह चार जून को चुनाव नतीजों के साथ ही साफ हो जाएगा।

---

मायावती ने अपने एक्स हैंडल पर आकाश आनंद को जिम्मेदारियों से मुक्त करने की घोषणा करते हुए लिखा है, अन्य लोगों को आगे बढ़ाने के साथ ही, आकाश आनन्द को नेशनल कोओर्डिनेटर व अपना उत्तराधिकारी घोषित किया, किन्तु पार्टी व मूवमेन्ट के व्यापक हित में पूर्ण परिपक्वता आने तक अभी उन्हें इन दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है।- मायावती के भतीजे आकाश आनंद का वो भाषण, जिसके चला गया बड़ा पद सियासी जोखिमों के बावजूद बसपा का बड़ा कदम आकाश को मायावती ने पिछले साल ही अपना उत्तराधिकारी बनाया था। लेकिन, राष्ट्रीय संयोजक के पद के साथ-साथ बसपा अध्यक्ष ने जिस तरह से अपनी सियासी विरासत के दायित्व से भी उन्हें पैदल किया है, इससे लगता है कि लोकसभा चुनावों के दौरान पार्टी को उनकी वजह से कोई चोट गहरी लगी है। क्योंकि, चुनावों से पहले इस तरह के ऐक्शन से कैडर और समर्थकों का मनोबल गिरने का भी जोखिम है।



# मायावती ने भतीजे को 'आकाश' तक उठाकर क्यों कर दिया पैदल, किस दबाव में थी बसपा?

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अचानक दोनों बड़ी जिम्मेदारियों से हटा दिया। बीएसपी चीफ के मुताबिक यह फैसला आकाश में पूर्ण परिपक्वता आने तक के लिए है। मायावती ने जो ऐलान किया है, वह समय के हिसाब से बहुत ही अहम है। लंदन में शिक्षा लेकर भारत आए आकाश आनंद मायावती के छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे हैं। उनपर यूपी के सीतापुर और उन्नाव की चुनावी रैलियों में 'असंसदीय भाषा' के इस्तेमाल के आरोप हैं और आचार संहित के उल्लंघन के लिए इससे संबंधित धाराओं में मुकदमा भी दर्ज किया गया है। मायावती ने अपने एक्स हैंडल पर आकाश आनंद को जिम्मेदारियों से मुक्त करने की घोषणा करते हुए लिखा है, अन्य लोगों को आगे बढ़ाने के साथ ही, आकाश आनन्द को नेशनल कोओर्डिनेटर व अपना उत्तराधिकारी घोषित किया, किन्तु पार्टी व मूवमेन्ट के व्यापक हित में पूर्ण परिपक्वता आने तक अभी उन्हें इन दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है।- मायावती के भतीजे आकाश आनंद का वो भाषण, जिसके चला गया बड़ा पद सियासी जोखिमों के बावजूद बसपा का बड़ा कदम आकाश को मायावती ने पिछले साल ही अपना उत्तराधिकारी बनाया था। लेकिन, राष्ट्रीय संयोजक के पद के साथ-साथ बसपा अध्यक्ष ने जिस तरह से अपनी सियासी विरासत के दायित्व से भी उन्हें पैदल किया है, इससे लगता है कि लोकसभा चुनावों के दौरान पार्टी को उनकी वजह से कोई चोट गहरी लगी है। क्योंकि, चार चरण के चुनावों से पहले इस तरह के ऐक्शन से कैडर और समर्थकों का मनोबल गिरने का भी जोखिम है। आकाश आनंद पर हेट स्पीच के तहत दर्ज हुआ है केस आकाश आनंद के खिलाफ यूपी पुलिस ने 28 अप्रैल को सीतापुर और उन्नाव में 'असंसदीय भाषा' के उपयोग के लिए हेट स्पीच के आरोपों में मामला दर्ज किया है। उनपर आरोप है कि उन्होंने बीजेपी की अगुवाई वाली सरकार के लिए 'आतंकवादियों की सरकार', 'तबाही की सरकार' और 'तालिबान की सरकार' जैसी भाषा का इस्तेमाल किया है। इस लोकसभा चुनाव में आकाश आनंद ने नगीना से 6 अप्रैल को चुनाव अभियान की शुरुआत की थी। वह पश्चिमी यूपी में 10 और पूर्वांचल में 8 रैलियों को संबोधित कर चुके थे। यूपी में बाद की रैलियों में वह कुछ ज्यादा ही आक्रामक होते चले गए। वह अपने समर्थकों को भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करने के लिए उकसाने की हद तक जाने लगे थे। निजी कारणों से पहले ही रद्द की जा चुकी थीं रैलियां केस होने के बाद ही पार्टी ने उनकी प्रस्तावित रैलियां रद्द कर दीं और इसका कारण परिवार में किसी का बीमार होना बता दिया गया था।



इससे पहले वह मीडिया को दबाकर इंटरव्यू भी देने लगे थे और सपा, कांग्रेस के साथ-साथ बीजेपी के खिलाफ बहुत ही आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे थे। भतीजे को किसी बड़े संकट से बचाने के लिए हटाया? हालांकि, आकाश के भाषणों की वजह से उनकी सभाओं में भीड़ बढ़ रही थी और समर्थकों में उत्साह दिख रहा था। लेकिन, राजनीतिक के कुछ जानकारों का मानना है कि पार्टी सुप्रीमो नहीं चाहती थीं कि करियर की शुरुआत में ही भतीजा किसी बड़े संकट में फंस जाए। खासकर ऐसे समय में जब पार्टी का जनाधार तेजी से खिसका है। इसलिए उन्होंने उन्हें अभी के लिए पीछे खींच लिया है। क्योंकि, मायावती ने न सिर्फ उनके पिता की जिम्मेदारियां कायम रखी हैं, बल्कि यह भी कहा है कि बीएसपी का नेतृत्व, कारवां को आगे बढ़ाने में हर प्रकार का त्याग व कुर्बानी देने से पीछे नहीं हटने वाला है। लेकिन, कुछ राजनीतिक विश्लेषकों को लगता है कि वह बीजेपी पर जिस तरह से आक्रामक होने लगे थे, उससे बसपा सुप्रीमो परेशान हो गई थीं। क्योंकि, सत्ताधारी दल से अपने रिश्ते बिगाड़ने में उन्हें कोई भलाई नजर नहीं आती।



# मोहिनी एकादशी व्रत के दौरान जरूर करें ये काम, सभी दुखों से मिलेगी मुक्ति

सनातन धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है. एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है. प्रत्येक एकादशी तिथि का अलग-अलग महत्व है. हर महीने में दो एकादशी तिथि आती है. वहीं साल में 24 एकादशी का व्रत रखा जाता है, इस दिन भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी की विधि विधान पूर्वक पूजा आराधना की जाती है. वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पढ़ने वाली एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है. आइए जानते है मोहिनी एकादशी व्रत के बारे में –

### मोहिनी एकादशी व्रत कब है?

हर साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी व्रत रखा जाता है. इस साल मोहिनी एकादशी तिथि 18 मई 2024 दिन शनिवार को सुबह 11 बजकर 22 मिनट पर शुरू होगी और इस तिथि का समापन 19 मई 2024 को दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर होगा.

### मोहिनी एकादशी व्रत पारण समय

मोहिनी एकादशी व्रत का पारण 20 मई सोमवार को किया जाएगा. उस दिन आप व्रत का पारण सुबह 05 बजकर 28 मिनट से सुबह 08 बजकर 12 मिनट के बीच कभी भी कर सकते हैं.

## मोहिनी एकादशी के दिन शमी के पेड़ की पूजा कैसे करें?

हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन मोहिनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीहरि ने संसार की रक्षा करने के लिए मोहिनी रूप का अवतार लिया था। इस दिन व्रत रखने से और पूजा-पाठ करने व्यक्ति की सभी परेशानियां दूर हो सकती है। साथ ही सौभाग्य में भी वृद्धि होती है। इतनी ही नहीं, इस दिन व्रत रखने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि का वरदान भी मिलता है। अब ऐसे में इस दिन शमी के पेड़ की पूजा करने का भी महत्व है।

**पूजन सामग्री** –शमी का पेड़, जल, गंगाजल, कलश, रोली, फूल, दीप, धूप, नैवेद्य (फल, मिठाई आदि), कलावा

मोहिनी एकादशी के दिन शमी के पेड़ की पूजा कैसे करें?

- मोहिनी एकादशी के दिन सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान-ध्यान करें।
- घर के पूर्व या उत्तर दिशा में कलश स्थापित करें और उसमें जल भरकर रखें।
- शमी के पेड़ को स्वच्छ जल से धोकर उसे कलावा से बांधें। इसके बाद पेड़ पर रोली, चावल, फूल और दीप अर्पित करें। धूप जलाकर नैवेद्य का भोग लगाएं।
- शमी के पेड़ की पूजा करते हुए इस मंत्र का जाप विशेष रूप से करें।
- ऊँ नमो शमी शम्याय स्वाहा
- शमी के पेड़ की 11 बार परिक्रमा करें।
- इस दिन एकादशी व्रत कथा अवश्य पढ़ें।
- अगले दिन द्वादशी तिथि को सूर्योदय के बाद व्रत का पारण करें।
- ऐसा कहा जाता है कि शमी के पेड़ की पूजा करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि और सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है। इसलिए इस दिन विधिवत रूप से पूजा करें।



# मोहिनी एकादशी पर बन रहे हैं कई शुभ योग

19 मई को मोहिनी एकादशी मनाई जा रही है। प्रतिवर्ष यह एकादशी वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की ग्यारस तिथि के दिन मनाई जाती है। इस एकादशी के दिन भगवान श्री विष्णु जी की आराधना की जाती है, उनके पूजन-अर्चन से जहां घर में सुख-समृद्धि बढ़ती है, वहीं शाश्वत शांति भी प्राप्त होती है। अतः इस दिन व्रत-उपवास रखकर मोह-माया के बंधन से मुक्त होने के लिए यह एकादशी लाभदायी मानी गई है।

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाले एकादशी को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। मोहिनी एकादशी का दिन भगवान विष्णु और उनके मोहिनी अवतार की पूजा करने के लिए मनाया जाता है। हिंदू धर्म में साल में 24 एकादशी पड़ती हैं। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है और इस दिन श्रीहरि की पूजा की जाती है। वैसे तो सभी एकादशी महत्वपूर्ण मानी गई है लेकिन वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी का भी विशेष महत्व है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाले एकादशी को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। मोहिनी एकादशी का दिन भगवान विष्णु और उनके मोहिनी अवतार की पूजा करने के लिए मनाया जाता है। भक्त अपने पिछले पापों से छुटकारा पाने और विलासिता से भरा जीवन जीने के लिए मोहिनी एकादशी का व्रत रखते हैं। इस दिन व्रत-पूजा करने से साधक को सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही घर में सुख समृद्धि भी बनी रहती है। इस बार मोहिनी एकादशी पर 3 शुभ योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं किस तिथि पर पड़ेगी मोहिनी एकादशी, पूजा मुहूर्त और महत्व।

### मोहिनी एकादशी तिथि

वैशाख शुक्ल एकादशी तिथि आरंभ – 18 मई, 2024, प्रातः 11.23 मिनट पर

वैशाख शुक्ल एकादशी तिथि समाप्त –19 मई, 2024, दोपहर 01.50 मिनट पर

उदयातिथि के आधार पर मोहिनी एकादशी व्रत 19 मई, 2024 को रखा जाएगा।

### मोहिनी एकादशी पर शुभ योग

इस बार मोहिनी एकादशी पर कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। इन योगों को ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद शुभ माना जा रहा है। आइए जानते हैं इन शुभ योग के बारे में।

**अमृत योग** – 19 मई, रविवार प्रातः 05.28 से 20 मई, सोमवार तड़के 03.16 मिनट तक

वज्र योग– 18 मई, शनिवार, प्रातः 10.25 से 19 मई, रविवार प्रातः 11.25 मिनट तक

**सिद्धि योग** – 18 मई, शनिवार, प्रातः 11.25 ए एम, से 19 मई, रविवार, दोपहर 12.11 तक

इन योगों में मोहिनी एकादशी व्रत रखना और विष्णु जी की पूजा करना बहुत लाभ प्रदान करता है।

एकादशी के दिन करें इन मंत्रों का जाप

मोहिनी एकादशी के दिन व्रत-पूजा करने के साथ-साथ भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप भी करें.

- ऊँ भूरिदा भूरि देहिनो, मा दभ्रं भूर्या भर।
  भूरि घेदिन्द्र दित्ससि।
  ऊँ भूरिदा त्यसि श्रुतः पुरूत्रा शूर वृत्रहन। आ नो भजस्व राधसि।
- ऊँ ह्रीं कार्तविर्यार्जुनो नाम
  राजा बाहु सहस्त्रवान।
  यस्य स्मरेण मात्रेण ह्रतं नष्टं च लभ्यते।।
- ऊँ नारायणाय नमः

### व्रत के दौरान रखें ध्यान

- मोहिनी एकादशी के दिन तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए.
- मोहिनी एकादशी का उपवास निर्जला रखना चाहिए, इस दिन पानी भी नहीं पीना चाहिए.
- मोहिनी एकादशी पर सुबह जल्दी स्नान करना चाहिए, इस दिन साबुन से नहीं नहाना चाहिए.
- मोहिनी एकादशी तिथि को चावल से बनी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए.
- भगवान विष्णु के जब भोग लगाएं तो तुलसी की पत्तियां जरूर डालना चाहिए.
- तामसिक चीजों मांस, शराब, लहसुन, प्याज का सेवन नहीं करना चाहिए.
- पूजा-पाठ और धर्म से जुड़े कार्य करने चाहिए. गरीबों का दान करना चाहिए.
- भगवान श्री हरि विष्णु के चरणों में अर्पित करें ये चीजें
- मोहिनी एकादशी तिथि के दिन अगर आप पीपल के पत्ते पर श्री हरि लिखकर 21 पत्ते को भगवान श्री हरि विष्णु के चरणों में अर्पित करते हैं तो सभी बिगड़े काम बनेंगे आपके सुखद समाचार की भी प्राप्ति होगी.

### ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करें

मोहिनी एकादशी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने के बाद पीला वस्त्र धारण करना चाहिए, इस दिन भगवान विष्णु की पूजा आराधना करनी चाहिए. दूध और चावल से बनी खीर कब भोग लगाना चाहिए. भगवान श्री हरि विष्णु चंद्र प्रसन्न होते हैं और मनचाहा वर प्रदान करते हैं.

### केले के पेड़ की पूजा

केले के पेड़ की पूजा से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी भी प्रसन्न होती है. अगर आप मोहिनी एकादशी तिथि के दिन केले के पेड़ के समक्ष घी का दीपक अर्पित करते हैं. एकादशी तिथि में विधि विधान पूर्वक पूजा आराधना करने से आर्थिक संकट समाप्त होगा. घर से दरिद्रता दूर होगी.





# पूजा घर में पानी रखना क्यों है जरूरी, क्या है कारण?

पूजा कक्ष में पानी क्यों रखते हैं? सभी घरों में पूजाघर होता है, जहां पर पूजन सामग्री के अलावा शंख, गरुढ़ घंटी, कौड़ी, चंदन बट्टी, तांबे का सिक्का, आचमन पात्री, गंगाजल और पानी का लोटा भी रखा जाता है। लोटा नहीं तो जल कलश रखते हैं। आखिर पूजा घर में यह पानी क्यों रखा जाता है। क्या है इसका कारण?

### पवित्रता

प्रतिदिन पूजा के पूर्व हम जल से भगवान के विग्रह को स्नान कराने के बाद स्थान पर जल छिड़ककर उसे पवित्र करते हैं। इसीलिए जल की आवश्यकता हेतु एक लोटे में पानी रखा जाता है।

### वरुण देव

जिस तरह गुरुड़देव की स्थापना गरुड़ घंटी के रूप में कि जाती है उसी प्रकार वरुण देव की स्थापना जल के रूप में की जाती है। ऐसा करने का कारण यह है कि जल की पूजा वरुण देव के रूप में होती है और वही दुनिया की रक्षा करते हैं।

### तुलसी जल

पूजा घर में रखे जल में तुलसी के कुछ पत्ते डाल कर रखे जाते हैं जिसके चलते वह जल शुद्ध एवं पवित्र होने के साथ ही आचमन योग बन जाता है और इसी से जब हम पूजा स्थल को शुद्ध करते हैं तो देवी एवं देवता प्रसन्न होते हैं।

### नैवद्य


नैवेद्य हम प्रतिदिन पूजा के बाद भगवान को प्रसाद अर्पण करते हैं जिसे नैवद्य कहते हैं। नैवद्य में मिठास या मधुरता होती है। आपके जीवन में मिठास और मधुरता होना जरूरी है। देवी और देवता को नैवद्य लगाते रहने से आपके जीवन में मधुरता, सौम्यता और सरलता बनी रहेगी। फल, मिठाई, मेवे और पंचामृत के साथ नैवेद्य चढ़ाया जाता है। नैवेद्य अर्पित करने के बाद भगवान को जल अर्पण करने के लिए ही पूजा घर में पानी रखा जाता है।

### जल की स्थापना

पूजा घर या उत्तर एवं ईशान कोण में जल की स्थापना करने से घर में सुख एवं समृद्धि बनी रहती है। इसलिए पूजा घर में जल की स्थापना की जाती है। पूजा के स्थान पर तांबे के बर्तन में जल रखते हैं तो यह बहुत ही शुभ माना जाता है। मान्यता के अनुसार जल रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### आरती

जब हम आरती करते है उसके बाद आरती की थाली पर थोड़ा सा जल लागकर आरती को ठंडा किया जाता है। इसके बाद चारों दिशाओं में और सभी व्यक्तियों पर जल का छिड़काव किया जाता है। इसके बाद सभी को चरणामृत प्रदान करके प्रसाद देते हैं। इसलिए भी जल को पूजाघर में रखा जाता है।



# केदारनाथ की यात्रा से मिलते हैं शुभ फल

उत्तराखंड में मई माह से छोटा चार धाम की यात्रा प्रारंभ होती है। इसमें केदारनाथ की यात्रा भी होती है। केदारनाथ की यात्रा सही मायने में हरिद्वार या ऋषिकेश से आरंभ होती है। हरिद्वार से सोनप्रयाग 235 किलोमाटर और सोनप्रयाग से गौरीकुंड 5 किलोमीटर आप सड़क मार्ग से किसी भी प्रकार की गाड़ी से जा सकते हैं। गौरीकुंड से आगे लगभग 16 किलोमाटर का रास्ता आपको पैदल ही चलना होगा या आप पालकी या घोड़े से भी जा सकते हैं। अधिकतर लोग सोनप्रयाग या गौरीकुंड में रुकते हैं।

- भगवान शिव मुक्ति देने वाले हैं। वे ही जन्म देने वाले, पालनहार और संहारक भी हैं। उनके दर पर दान मिलता है तो मृत्युदंड भी। वे ही आदि, अंत और अनंत परब्रह्म हैं। संपूर्ण धरती पर सभी धर्मों के लोग उनको ही किसी न किसी रूप में पूजते या उनकी प्रार्थना करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि चार धाम यात्रा करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।
- केदारनाथ में शिव का रुद्ररूप निवास करता है, इसलिए इस संपूर्ण क्षेत्र को रुद्रप्रयाग कहते हैं। केदारनाथ का मंदिर उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के रुद्रप्रयाग नगर में है। यहां भगवान शिव ने रौद्र रूप में अवतार लिया था। देश के बारह ज्योतिर्लिंगों में सर्वोच्च है केदारनाथ धाम। मानो स्वर्ग में रहने वाले देवताओं का मृत्युलोक को झांकने का यह झरोखा हो। धार्मिक ग्रंथों अनुसार बारह ज्योतिर्लिंगों में केदार का ज्योतिर्लिंग सबसे ऊंचे स्थान पर है।
- मान्यता है कि समूचा काशी, गुप्तकाशी और उत्तरकाशी क्षेत्र शिव के त्रिशूल पर बसा है। यहीं से पाताल और यहीं से स्वर्ग जाने का मार्ग है। शिव पुराण के अनुसार मनुष्य यदी बदरीवन की यात्रा करके नर तथा नारायण और केदारेश्वर शिव के स्वरूप का दर्शन करता है, निन्सन्देह उसे मोक्ष प्राप्त हो जाता है।
- ऐसा मनुष्य जो केदारनाथ ज्योतिर्लिंग में भक्ति-भावना रखता है और उनके दर्शन के लिए अपने स्थान से प्रस्थान करता है, किन्तु रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो जाती है, जिससे वह केदारेश्वर का दर्शन नहीं कर पाता है, तो समझना चाहिए कि निश्चित ही उस मनुष्य की मुक्ति हो गई।
- शिव पुराण के अनुसार केदारतीर्थ में पहुंचकर, वहां केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन कर जो मनुष्य वहां का जल पी लेता है, उसका पुनर्जन्म नहीं होता है।

केदारेशस्य भक्ता ये मार्गस्थास्तस्य वै मृताः।
तेऽपि मुक्ता भवन्त्येव नात्र कार्य्या विचारणा।।
तत्वा तत्र प्रतियुक्तः केदारेशं प्रपूज्य च।
तत्रत्यमुदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विन्दति।।

- स्कंद पुराण में भगवान शंकर, माता पार्वती से कहते हैं, हे प्राणेश्वरी! यह क्षेत्र उतना ही प्राचीन है, जितना कि मैं हूं। मैंने इसी स्थान पर सृष्टि की रचना के लिए ब्रह्मा के रूप में परब्रह्मत्व को प्राप्त किया, तभी से यह स्थान मेरा चिर-परिचित आवास है।
- भगवान शंकर पांडवों की भक्ति, दृढ़ संकल्प देखकर प्रसन्न हो गए थे। तब उन्होंने तत्काल दर्शन देकर पांडवों को युद्ध के पाप से पापमुक्त कर दिया था। उसी समय से भगवान शंकर बैल की पीठ की आकृति-पिंड के रूप में श्री केदारनाथ में पूजे जाते हैं।

# बारिश ने हैदराबाद को दिलाया प्लेऑफ का टिकट, गुजरात के खिलाफ मैच रद्द, दिल्ली अंतिम-4 की रेस से बाहर



**हैदराबाद, एजेंसी।** बारिश ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल के प्लेऑफ का टिकट दिला दिया। बारिश के कारण हैदराबाद और लखनऊ का मैच रद्द हो गया और इससे दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। हैदराबाद के अब 15 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हैदराबाद प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई है। इससे पहले कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स जगह पक्की कर चुकी हैं।

**टॉस भी नहीं हो सका-** बारिश के कारण हैदराबाद और गुजरात के मैच में टॉस भी नहीं हो पाया। एक समय बारिश रुकने के बाद अंपायरों ने रात आठ बजे टॉस और 8: 15 से मैच शुरू करने का फैसला किया था। लेकिन टॉस के समय से पहले ही फिर बारिश आ गई। इसके बाद लगातार बारिश के चलते अंपायरों ने मैच को रद्द करने का फैसला किया। वहीं, गुजरात का यह लगातार दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हुआ है। इससे पहले उसका कोलकाता के खिलाफ भी मैच रद्द हुआ था। उससे पहले कोलकाता और मुंबई के बीच मुकाबला भी बारिश से प्रभावित रहा था। वह मैच दो घंटे 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ था और 16-16 ओवर का हुआ था।

**2020 के बाद पहली बार प्लेऑफ में पहुंची हैदराबाद-** साल 2020 के बाद हैदराबाद ने प्लेऑफ में जगह बनाई है, जबकि टीम ने कुल सातवीं बार प्लेऑफ का टिकट कटाया है। हैदराबाद के प्लेऑफ में पहुंचने से दिल्ली कैपिटल्स दौड़ से बाहर हो गई है। दिल्ली के 14 मैचों में 14 अंक हैं और उसके सभी मैच खत्म



हो गए हैं। वह -0.377 रन रेट के साथ पांचवें स्थान पर रह गई है।

**एक जगह के लिए तीन टीमें दौड़ में-** अब प्लेऑफ के लिए शेष एक जगह भरने के लिए तीन टीमें चेन्नई सुपरकिंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू और लखनऊ सुपरजाएंट्स दौड़ में हैं। हैदराबाद के अब 13 मैचों में 15 अंक हैं और चेन्नई सुपर किंग्स को छोड़कर कोई भी अन्य टीम 15 या इससे ज्यादा अंक नहीं बना सकती है। ऐसे में सनराइजर्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। चेन्नई के 13 मैचों के बाद 14 अंक हैं। टीम को 18 मई को बेंगलुरु से भिड़ना है। बेंगलुरु और लखनऊ दोनों के 12-12 अंक हैं। हालांकि, लखनऊ का नेट रन रेट काफी निगेटिव है और उन्हें इसका भरपाई कर पाना मुश्किल होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राजील फीफा महिला विश्व कप 2027 का मेजबान बना

**बैंकॉक, एजेंसी।** ब्राजील को शुक्रवार को यहां 74वीं फीफा कांग्रेस में महिला विश्व कप 2027 के लिए मेजबान नामित किया गया है। ब्राजील की बोली बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ प्रबल रही, और फीफा कांग्रेस में खुले वोट के साथ मेजबानी का अधिकार पाने वाला पहला देश बन गया। ब्राज़ील को 119 वोट मिले जबकि जर्मनी, नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त बोली को 78 वोट मिले। महिला विश्व कप पहली बार दक्षिण अमेरिका में आयोजित किया जाएगा। चीन, स्वीडन, अमेरिका, जर्मनी, कनाडा और फ्रांस सभी ने 2023 के आयोजन से पहले कम



से कम एक अवसर पर मेजबानी की। इससे पहले, ब्राजील ने 1950 में पुरुष विश्व कप और 2014 विश्व कप का आयोजन किया था। ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रोड्रिग्स ने कहा,आज हम बैंकॉक में एक ऐतिहासिक दिन का अनुभव कर रहे हैं। यह विश्व महिला फुटबॉल की जीत है। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि यह इतिहास का सर्वश्रेष्ठ महिला विश्व कप होगा। उन्होंने कहा, विश्व कप में निवेश के अलावा, ब्राजील और उत्तरी अमेरिका दक्षिण में महिला फुटबॉल विकास में एक बड़ी छलांग लगाएंगे। यह फीफा महिला विश्व कप का दसवां संस्करण होगा। इसमें 32 देश शामिल होंगे और दस शहरों में खेला जाएगा। स्पेन वर्तमान फीफा महिला विश्व कप धारक है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका (चार खिताब), जर्मनी (दो), जापान और नॉर्वे के साथ उन देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने बहुप्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती है।

### रिटायरमेंट: छेत्री की कमी तो खलेगी, पर सही फैसला

- **भारतीय फुटबॉल में एक युग का समापन**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय फुटबॉलर श्याम थापा ने कहा कि देश को सुनील छेत्री की कमी तो खलेगी। क्योंकि छेत्री ने देश के लिए बहुत लंबा समय दिया। एक युग का समापन होगा। जब-जब भारतीय फुटबॉलर के लिए मैदान में



उतरेंगे, लोग कहीं न कहीं छेत्री को तलाशेंगे। देश को सुनील छेत्री की कमी तो खलेगी। क्योंकि छेत्री ने देश के लिए बहुत लंबा समय दिया। एक युग का समापन होगा। जब-जब भारतीय फुटबॉलर के लिए मैदान में उतरेंगे, लोग कहीं न कहीं छेत्री को तलाशेंगे। बेहतरीन खिलाड़ी जब रिटायरमेंट की बात कहता है तो खेल प्रेमियों में निराशा तो होती है। पर उन्होंने सही समय पर सही फैसला लिया है। यह कहना है कि बाईसाइकिल किक के नाम से मशहूर देश के पूर्व फुटबॉलर श्याम थापा का। बकौल थापा, सुनील छेत्री ने देश के फुटबॉल को नए मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने अधिकतर गोल, पेनाल्टी या हेड से किए हैं। पेनॉल्टी को गोल में बदलने का मतलब है कि आप पर दबाव रहता है। उन्होंने हमेशा दबाव में टीम का आगे बढ़कर नेतृत्व किया।

**उत्तराधिकारी की रेस में हैं कई खिलाड़ी** -थापा कहते हैं, जब एक नायक स्थान छोड़ता है तो यह सवाल स्वाभाविक है कि अगला कौन। सुनील के रिटायरमेंट के बाद यह सवाल सबके मन में है कि उनका उत्तराधिकारी कौन होगा।

# सबसे ज्यादा कमाई करने वाले शीर्ष 10 एथलीट्स में पांच फुटबॉलर

### बास्केटबॉल के तीन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोनाल्डो पिछले साल भी शीर्ष पर थे। हालांकि, तब उनकी कमाई 136 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1133 करोड़ रुपये थी, जो कि इस साल लगभग दोगुनी हो गई है। फोर्ब्स ने साल 2024 के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले शीर्ष 50 एथलीटों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में कोई भी भारतीय नाम नहीं है और न ही क्रिकेट खेलने वाला कोई खिलाड़ी है। पिछली बार 2020 में किसी भारतीय एथलीट ने इस लिस्ट में जगह बनाई थी। तब विराट कोहली शीर्ष 100 की सूची में 66वें नंबर पर रहे थे। 2021 से वह फोर्ब्स की सूची से गायब हैं। 2024 की ताजा लिस्ट में पुर्तगाल और अल नस्र के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो शीर्ष पर हैं। उन्होंने इस साल 260 मिलियन यूएस डॉलर यानी 2167 करोड़ रुपये की कमाई की है। रोनाल्डो ने इस मामले में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर और कप्तान लियोनल मेसी जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। रोनाल्डो पिछले साल भी शीर्ष पर थे। हालांकि, तब उनकी कमाई 136 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1133 करोड़ रुपये थी, जो कि इस साल लगभग दोगुनी हो गई है। साल 2024 में शीर्ष-10 कमाई करने वाले एथलीट्स की सूची में फुटबॉल के सबसे ज्यादा पांच खिलाड़ी हैं, जबकि बास्केटबॉल के तीन और गोल्फ-रग्बी (अमेरिकी फुटबॉल) के एक-एक खिलाड़ी हैं।





### मेसी लिस्ट में दूसरे से तीसरे स्थान पर लुढ़के

इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एथलीटों में दूसरे नंबर पर गोल्फ के खिलाड़ी जॉन रैम हैं। उनकी कुल कमाई 218 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1818 करोड़ रुपये की है। तीसरे नंबर पर 135 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1126 करोड़ रुपये की कमाई के साथ मेसी हैं। मेसी पिछले साल दूसरे नंबर पर थे और उनकी कमाई 130 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1084 करोड़ रुपये की रही थी। इस साल उनकी कमाई तो बढ़ी है, लेकिन रोनाल्डो की तुलना में बेहद कम रही है। रोनाल्डो को सऊदी फुटबॉल लीग में अल नस्र से जुड़ने का फायदा हुआ, जबकि मेसी पीएसजी छोड़कर मेजर लीग सॉकर में मियामी टीम को जॉइन किया था।

### नेमार ने भी टॉप-10 में बनाई जगह

इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एथलीटों में चौथे नंबर पर स्टार बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स हैं। उन्होंने इस साल 128.2 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1069 करोड़ रुपये की कमाई की है। पिछले साल लेब्रोन चौथे नंबर पर ही थी। तब उनकी कमाई 119.5 मिलियन यूएस डॉलर यानी 996 करोड़ रुपये की रही थी। इस साल पांचवें नंबर पर गियानिस हैं। उनकी कमाई 111 मिलियन यूएस डॉलर यानी 925 करोड़ रुपये की रही है। छठे नंबर पर पीएसजी और फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे हैं। उनकी कमाई 110 मिलियन यूएस डॉलर यानी 917 करोड़ रुपये की रही है। एम्बाप्पे पिछले साल तीसरे स्थान पर थे। तब उनकी कमाई 120 मिलियन डॉलर यानी 1000 करोड़ रुपये की रही थी।

### पिछले साल की लिस्ट से काफी अंतर

आठवें नंबर पर 106 मिलियन यूएस डॉलर यानी 883 करोड़ रुपये की कमाई के साथ फ्रांस के पूर्व स्टार फुटबॉलर करीम बेंजेमा हैं। जबकि नौवें नंबर पर 102 मिलियन यूएस डॉलर यानी 850 करोड़ रुपये की कमाई के साथ स्टार बास्केटबॉल प्लेयर स्टीफन करी हैं। 10वें स्थान पर अमेरिकी फुटबॉल यानी रग्बी प्लेयर लमार जैकसन हैं। उन्होंने इस साल 100.5 मिलियन यूएस डॉलर यानी 838 करोड़ रुपये की कमाई की है। पिछले साल से इस साल की लिस्ट में पांच खिलाड़ियों का अंतर है। पिछले साल इस लिस्ट में ज्यादातर खिलाड़ी बास्केटबॉल के थे। पिछले साल बॉक्सर कनेलो अल्वारेज (पांचवां स्थान, 110 मिलियन यूएस डॉलर), गोल्फर डस्टिन जॉनसन (छठा स्थान, 107 मिलियन यूएस डॉलर), गोल्फर फिल मिकेलसन (सातवां स्थान, 106 मिलियन यूएस डॉलर), पूर्व टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर (नौवें स्थान, 95.1 मिलियन यूएस डॉलर) और बास्केटबॉल खिलाड़ी केविन डुरंट (10वां स्थान, 89.1 मिलियन यूएस डॉलर) इस लिस्ट में शामिल थे।

## आईपीएल 2024

### कोहली ने आरसीबी के इंटरव्यू में किए बड़े खुलासे, छेत्री और बेटी वामिका के लिए कही बड़ी बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबाल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कल संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था . जिसपर उनके दोस्त और भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने उनसे बात की है. कोहली इस सीजन बल्ले से काफी शानदार फॉर्म में नजर आ रहे है और हर मैच में उनके बल्ले से रन देखने को मिल रहा है. इसी बीच कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के प्रेजेंटर नैग्स से बात की है. इसी बातचीत में कोहली ने अपने दोस्त सुनील छेत्री को लेकर बोले की वो महान खिलाड़ी है. सुनील ने मुझे मैसेज करके बताया था कि वह संन्यास लेने जा रहा है. आगे कोहली ने कहा की मुझे लगता है कि वह अपने इस फैसले से काफी संतोष महसूस कर रहा है.

### कोहली ने क्या कहा



विराट ने कहा की सुनील काफी शानदार इंसान है और पिछले कुछ सालों में हम काफी करीब आए है. सुनील को मैं उनके आने वाले करियर को लेकर ढेर सारी बधाई देता हूं. इसी वीडियो में कोहली ने अपनी बेटी वामिका को लेकर भी बात की है. आगे कोहली बोलते है की वामिका अब बल्ला घुमाने लगी है और मैं कभी अपने बच्चों पर क्रिकेट खेलने को लेकर दबाव नहीं बनाया है और ना ही बनायेंगे . कोहली ने आगे कहा की मेरी बेटी ने बल्ला उठाया और उसे घुमाने में मजा आ रहा है लेकिन उसे आगे क्या बनना है, यह उसका फैसला होगा .

**चेन्नई के खिलाफ अहम मैच-** आरसीबी की टीम को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 18 मई को सबसे अहम मुकाबला खेलना है. जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम को जीत दर्ज करना काफी अहम है. प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए आरसीबी को चेन्नई से 18 रनों से बड़ी जीत दर्ज करनी होगी. तभी उसकी जगह प्लेऑफ में बन पाएगी. आरसीबी को बड़ी जीत दर्ज करने के लिए विराट कोहली के बड़े पारी खेलनी होगी.

## टी-20 वर्ल्ड कप के वार्म-अप मैच का शेड्यूल जारी

### एक मैच खेलेगा भारत; पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड नहीं खेलेंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टी-20 वर्ल्ड कप के वार्म-अप मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया है। टीम इंडिया अमेरिका और वेस्टइंडीज में अगले महीने खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले केवल एक वार्म-अप मैच 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ ्रू में खेलेगी।

**वार्म-अप मैच में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड नहीं खेलेंगे-** वर्ल्ड कप में भाग लेने वाली 20 टीमों में से 17 टीमें ही वार्म- अप मैच में हिस्सा लेंगी। वहीं पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीम वार्म-अप मैच नहीं खेलेगी।

**तीन शहरों में खेले जाएंगे वार्म-अप मैच-** वार्म-अप मैच 16 मैच 27 मई से 1 जून के बीच अमेरिका और वेस्टइंडीज के त्रिनिदाद एंड टोबैगो में खेले जाएंगे।

## जय शाह ने दिया बड़ा बयान

# ये चार टीमें होगी टी20 विश्व कप जिताने की प्रबल दावेदार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 1 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप खेला जाना है. जिसको लेकर सभी टीमों अपनी तैयारी में जुटी हुई है और विश्व कप में बेहतर खेल दिखाने वो लेकर काफी उत्सहित है. भारतीय टीम ने भी टी20 विश्व कप के लिए अपने 15 खिलाड़ियों का ऐलान कर दिया है. जिसके बाद उनसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद भारतीय फैंस लगाए बैठे है. पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में भारतीय टीम ने फाइनल में तो जगह बनाई लेकिन उसे वहां पर हर का सामना करना पड़ा था. इसलिए फैंस टी20 विश्व कप में भारत को चैंपियन देखना चाहते है. इसी को लेकर बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बयान दिया है.

### जय शाह ने दिया बयान

को दिए इंटरव्यू में जय शाह से जब पूछा गया की वो इस टी20 विश्व कप में किन 4 टीमों को सेमीफाइनल में देखते है. शाह ने भारत , ऑस्ट्रेलिया



, न्यूजीलैंड और मेजबान टीम वेस्टइंडीज का नाम लिया. वेस्टइंडीज को लेकर शाह ने कहा की ये टी20 क्रिकेट की शानदार टीम है. इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में अधिकतर पूर्व खिलाड़ियों का मानना है की ये चारों टीमें सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाते हुए नजर आ सकती है. भारतीय टीम टी20 के रैंकिंग में पहले नंबर पर तो वही उसकी टीम को देखकर लोग उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद कर रहे है.


### कैसा रहा है रिकॉर्ड

भारतीय टीम का रिकॉर्ड वैसे टी20 विश्व कप में काफी अच्छा रहा है. भारत टी20 विश्व कप के पहले सीजन में ट्रॉफी उठाई थी. उसके बाद उसे साल 2013 के टी20 विश्व कप के फाइनल में तो जगह बनाई लेकिन वहां श्रीलंका के हाथों उसे हार का सामना करना पड़ा था. पिछले चार टी20 विश्व कप में भारत ने 1 बार फाइनल ,2 बार सेमीफाइनल तो वही एक बार ग्रुप स्टेज से ही बाहर होना पड़ा. इस साल के फैंस को रोहित की कप्तानी वाली टीम से काफी सारी उम्मीदें है.

# आईपीएल 2024 में चौके से ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज, अभिषेक ने चौंकाया, शीर्ष तीन में दो भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस सीजन कुछ ऐसे बल्लेबाज भी रहे हैं जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस मामले में शीर्ष तीन में दो भारतीय हैं। इस लिस्ट में उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिन्होंने इस सत्र में कम से कम 10 छक्के लगाए हों। आईपीएल 2024 में अब तक कुछ बेहद शानदार मैच देखने को मिले हैं। इस सीजन अब तक 37 बार 200+ के स्कोर बने हैं, जो कि आईपीएल 2023 के बराबर आंकड़े हैं। वहीं, इस सीजन चार बार उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड भी टूटा, जबकि सबसे बड़े चेज का भी रिकॉर्ड बना। इस सीजन अब तक 1133 छक्के और 1978 चौके लग चुके हैं। यह पिछले सीजन से काफी ज्यादा हैं। अब तक आईपीएल के किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगने का रिकॉर्ड 2023 में था।


आईपीएल 2023 में 1124 छक्के लगे थे। इस सीजन सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने तहलका मचा रखा है। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने ओपनिंग करते हुए कुछ ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं, जो शायद ही किसी ने सोचा होगा। इन दोनों ने टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई है। इतना ही नहीं इस सीजन कुछ ऐसे बल्लेबाज भी रहे हैं जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस मामले में शीर्ष



आईपीएल 2024 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

| बल्लेबाज | मैच | रन | छक्के |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा | 12 | 401 | 35 |
| विराट कोहली | 13 | 661 | 33 |
| सुनील नरेन | 12 | 461 | 32 |
| ट्रेविस हेड | 11 | 533 | 31 |
| रियान पराग | 13 | 531 | 31 |

तीन में दो भारतीय हैं। आईपीएल 2024 में 12 ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिन्होंने इस सत्र में कम से कम 10 छक्के लगाए हों। इस सीजन चौके से ज्यादा छक्के लगाने के मामले में अभिषेक शीर्ष पर हैं। उन्होंने अब तक आईपीएल 2024 में 35 छक्के और 30 चौके लगाए हैं। अभिषेक भले ही टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में न चुने गए हों, लेकिन वह ओपनिंग के तौर पर नई खोज रहे हैं। अभिषेक अब तक इस सीजन 12 पारियों में 36.45 की औसत और 205. 64 के स्ट्राइक रेट से 401 रन बनाए हैं। वहीं, सनराइजर्स के ही हेनरिक क्लासेन चौके से ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इस सत्र में 31 छक्के और 12 चौके लगाए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने अब तक 27 छक्के और 17 चौके लगाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 26 छक्के और 24 चौके के साथ लिस्ट में चौथे, आरसीबी के विल जैक्स 18 छक्के और 16 चौके के साथ पांचवें, सनराइजर्स के नीतीश रेड्डी 17 छक्के और 12 चौके के साथ छठे स्थान पर हैं।





## संजय लीला भंसाली की भांजी को

# सलमान ने किया था शादी के लिए प्रपोज

### 'हीरामंडी' एक्ट्रेस ने किया खुलासा

बॉलीवुड के फेमस फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की भतीजी और एक्ट्रेस शर्मिन सहगल को 'हीरामंडी' की रिलीज के बाद से ही चर्चा में बनी हुई हैं। शर्मिन सहगल ने सीरीज में आलमजेब का किरदार निभाया है। इसी बीच उन्होंने खुलासा किया कि बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान ने उन्हें एक बार शादी के लिए प्रपोज किया था। लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया था।

दरअसल शर्मिन ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया कि जब वह 2 या 3 साल की थीं तो 'हम दिल दे चुके सनम' के सेट पर सलमान ने मजाक में उनसे शादी करने की बात कही थी। शर्मिन ने कहा कि वह सेट पर आए और मुझसे कहा कि 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' मैं चौंक गई और हंसने लगी। मैंने उनसे कहा कि 'सलमान, आप क्या मजाक कर रहे हैं?' उन्होंने कहा, 'मैं सीरियस हूं। मैंने उनसे कहा कि नहीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि तब मैं छोटी थी और मुझे शादी का मतलब नहीं पता था और मैं हर बात पर ना कर देती थी। शर्मिन ने आगे कहा कि वह सलमान खान की बहुत बड़ी फैन हैं। और उनके कुछ गाने 'प्यार किया तो डरना क्या, और 'ओ ओ जाने जाना' उनको बहुत पसंद हैं।

## लॉस एंजेलिस वापस लौटीं प्रियंका चोपड़ा

### कहा - घर पर रहना आत्मा को सुकून देता है



फ्रांस में अपकमिंग फिल्म हेड ऑफ स्टेट की शूटिंग के बाद प्रियंका चोपड़ा जोनस लॉस एंजेलिस में अपने घर वापस लौट आयी हैं। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर घर लौटने की खुशी जाहिर की। एक्ट्रेस ने अपने घर के इंटीरियर की झलक के साथ अपनी बालकनी से एक तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, घर पर रहना...मेरी आत्मा को सुकून देता है। एक्ट्रेस फ्रांस के नीस में हेड ऑफ स्टेट की शूटिंग कर रही थीं। फिल्म में इदरीस एल्बा और जॉन सीना भी हैं। यह इल्या नैशुलर द्वारा निर्देशित एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है। प्रियंका ने 8 मई को बताया था कि उन्होंने शूटिंग पूरी कर ली है और यह फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।



## कांस फिल्म फेस्टिवल में फिल्म 'मंथन' की स्क्रीनिंग अटैंड करेंगे

# प्रतीक बब्बर

ऐश्वर्या राय, कियारा आडवाणी, अदिति राव हैदरी और शोभिता धुलिपाला के बाद अब जैकलीन फर्नांडीज, प्रतीक बब्बर और छाया कदम भी कांस फिल्म फेस्टिवल अटैंड करने जा रहे हैं। जैकलीन, कियारा, अदिति के अलावा इस साल प्रतीक बब्बर भी कांस में नजर आएंगे। प्रतीक वहां अपनी मां दिवंगत एक्ट्रेस स्मिता पाटिल की फिल्म 'मंथन' का प्रीमियर अटैंड करेंगे। प्रतीक भी गुरुवार को कांस रवाना हो चुके हैं। इस प्रीमियर में प्रतीक के साथ एक्टर नसीरुद्दीन शाह भी शामिल होंगे। वो 1976 में रिलीज हुई फिल्म 'मंथन' का हिस्सा थे। यह फिल्म इस साल कांस क्लासिक सिलेक्शन कैटेगरी में सिलेक्ट हुई है। कांस में इस साल फिल्म मंथन का प्रीमियर होगा। फिल्म में स्मिता पाटिल के अलावा नसीरुद्दीन शाह और गिरीश कर्नाड जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे।



उभरती सितारा

## आकांक्षा रंजन कपूर माया वन मूवी टीज़र में

# चमकीं

आकांक्षा रंजन कपूर सिनेमा की दुनिया में धूम मचा रही हैं, और उनका नवीनतम प्रोजेक्ट माया वन पहले से ही चर्चा पैदा कर रहा है। फिल्म का हाल ही में जारी किया गया टीज़र आकांक्षा की प्रतिभा और करिश्मा को दर्शाता है, जिससे दर्शक और अधिक उत्सुक हैं। छोटे से वीडियो में आकांक्षा अपनी जबरदस्त एक्टिंग से सबका ध्यान खींचती हैं. वह आत्मविश्वास से भरी दिखती हैं और उनके चेहरे के भावों में बहुत सारी भावनाएँ झलकती हैं, जिससे जब वह स्क्रीन पर होती हैं तो लोगों का ध्यान वास्तव में उन पर केंद्रित हो जाता है। माया वन एक सम्मोहक कहानी होने का वादा करती है, और आकांक्षा का उसके चरित्र का चित्रण कहानी में एक दिलचस्प परत जोड़ता है।

विभिन्न प्रकार की भावनाओं को व्यक्त करने की उनकी क्षमता एक सूक्ष्म और बहुआयामी प्रदर्शन का संकेत देती है जिसका दर्शक इंतजार कर रहे थे। आकांक्षा के लिए, माया वन उनके बढ़ते करियर में एक और मील का पत्थर है। प्रत्येक प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण को साबित करती रहती है। यादगार प्रदर्शन देने की उनकी प्रतिबद्धता टीज़र के हर फ्रेम में स्पष्ट है। एक उभरते सितारे के रूप में, आकांक्षा रंजन कपूर फिल्म उद्योग में एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं। उनकी प्रतिभा, कहानी कहने के जुनून के साथ मिलकर, उन्हें अलग करती है और आने वाले वर्षों में उन्हें देखने लायक एक व्यक्ति के रूप में स्थापित करती है। माया वन का टीज़र सिनेमा में आकांक्षा के आशाजनक भविष्य की एक झलक पेश करता है।

निर्देशकों को किरण राव की सलाह

## कुछ ऐसा बनाएं जो आपको खुद पसंद आए

लापता लेडीज की सफलता का आनंद लेते हुए फिल्म निर्माता किरण राव ने सभी महत्वाकांक्षी पटकथा लेखकों के लिए एक संदेश देते हुए कहा है कि आप अपने पेशे में शीर्ष पर रहें।

15वें कशिश प्राइड फिल्म फेस्टिवल के मौके पर मीडिया से बात करते हुए राव ने कहा, ÷मुझे हमेशा लगता है कि कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जो अच्छा प्रदर्शन करती हैं और कुछ नहीं कर पाती।

प्रासंगिक होने के लिए आपको कुछ ऐसा बनाना होगा जो एक दर्शक के दिल में उतर जाय। राव के अनुसार एक अच्छी कहानी वह है जिसके साथ आप जुड़ते हैं, कुछ ऐसा जिसके बारे में बात करना आपको दिलचस्प और महत्वपूर्ण लगता है।दर्शकों के बारे में बात करते हुए किरण ने कहा, लोगों के पास अब कई सारे ऑप्शन हैं। कई तरह के कंटेट तक उनकी पहुंच आसान हो गई है।




एक फिल्म निर्माता के रूप में मुझे लगता है कि आपको अपने पेशे में शीर्ष पर रहने की जरूरत है। यदि आप अच्छे हैं और ऐसी कहानियां बनाते हैं जो दिलचस्प हो, तो आप एक अच्छे कहानीकार होंगे। फिर चाहे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए काम कर रहे हों या फिल्म बना रहे हों।लापता लेडीज के निर्माण के लिए आमिर खान की सराहना करते हुए राव ने कहा, इस तरह की फिल्म केवल आमिर खान जैसे निर्माता ही बना सकते थे। वह सर्वोत्तम फिल्में बनाना चाहते हैं। फिल्म की कास्टिंग के बारे में राव ने कहा, आमिर को एहसास हुआ कि यह फिल्म साधारण कलाकारों के साथ सबसे अच्छा काम करेगी। बहुत कम निर्माता इसे महसूस करेंगे और आपको उस तरह का समर्थन देंगे। आमिर वह व्यक्ति हैं जिन्होंने इसकी कहानी ढूंढी, उनके बिना फिल्म नहीं बनाई जा सकती थी।

## खुशी कपूर के साथ अनटाइटल्ड फिल्म की तैयारी में आमिर के बेटे जुनैद खान



बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने एक्ट्रेस खुशी कपूर के साथ अपनी तीसरी अनटाइटल्ड फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, जुनैद ने पहले ही दो फिल्मों की शूटिंग पूरी कर ली है और अब वह अपने तीसरे प्रोजेक्ट के लिए तैयार हैं, जो पिछली दो फिल्मों से बहुत अलग है। उनकी अगली अनटाइटल्ड फिल्म में वह खुशी कपूर के साथ दिखेंगे, जिसको लेकर फैंस के बीच काफी उत्सुकता है। जुनैद ने अपने प्रोजेक्ट महाराजा और साईं पल्लवी के साथ अनटाइटल्ड फिल्म पूरी कर ली है। महाराजा कथित तौर पर 1862 के महाराजा लिबेल केस से प्रेरित है। इसमें जयदीप अहलावत और शारवरी वाघ भी हैं, कथित तौर पर जुनैद एक रिपोर्टर की भूमिका निभाएंगे। हालांकि, फिल्म की अन्य जानकारियां अभी भी गुप्त हैं।

## अर्जुन ने पूरी की 'सिंघम अगेन' की शूटिंग



रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म 'सिंघम अगेन' इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण जैसे कलाकार पहली बार एक साथ नजर आएंगे। फिल्म में अर्जुन कपूर विलेन के रोल में होंगे। हाल ही में अर्जुन ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी की। आखिरी दिन सेट से एक फोटो शेयर करते हुए एक्टर ने इस फिल्म को अपने करियर के लिए मील का पत्थर बताया है। अर्जुन ने यह भी बताया कि यह उनके करियर की 20वीं फिल्म है। अर्जुन ने लिखा- 'रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का विलेन। मैंने सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी कर ली है। मैं खुशनसीब हूं जो इंडियन सिनेमा की इस सबसे ज्यादा एंटरटेनिंग फ्रेंचाइजी का हिस्सा बना। मेरी 20वीं फिल्म और मेरे करियर की सबसे बड़ी माइलस्टोन में से एक।

## आत्मविश्वास की कमी से जूझ रही भूमि



एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने खुलासा किया है कि बड़े होने के दौरान उनमें आत्मविश्वास की कमी थी और उन्होंने खुद की तलाश में फैशन की ओर रुख किया था। भूमि ने कहा, मैं जब बड़ी हो रही थी, मुझमें आत्मविश्वास की काफी कमी थी, खास तौर से कुछ ब्यूटी आइडियल जैसी बनने के दबाव के चलते। इसलिए, मैंने खुद की तलाश में फैशन की ओर रुख किया। एक्ट्रेस ने कहा, मुझमें उम्र के साथ खूबसूरती और फैशन की समझ बढ़ती गई। भूमि ने कहा कि यह अब सिर्फ अच्छा दिखने या ट्रेंड्स को फॉलो करने की बात नहीं है। उन्होंने कहा, यह मेरे अपने व्यक्तित्व विशेष को अपनाने, अपनी पर्सनालिटी को व्यक्त करने और अपनी खास खूबियों का जश्न मनाने के बारे में है। आज, फैशन और ब्यूटी एक ऐसा जरिया है जिससे मैं खुद को, अपने इमोशनल कैनवास और अपनी मन की स्थिति को जाहिर कर सकती हूं। भले ही भूमि को उनके फैशन और स्टाइल स्टेटमेंट पर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली हो, लेकिन भूमि अभी भी अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करना बेहद पसंद करती हैं। उन्होंने कहा, मुझे एक्सपेरिमेंट करना पसंद है। मैं बस फैशन के साथ आनंद लेना चाहती हूं, और मुझे लगता है कि मैं इसे पूरे दिल से कर रही हूं, यही वजह है कि लोग मेरे फैशन की सराहना कर रहे हैं।



## बेटी की शादी के बजट पर बोले अनुराग कश्यप

फिल्ममेकर अनुराग कश्यप की बेटी आलिया जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। अनुराग कश्यप बेटी की शादी की तैयारियों में जुट गए हैं। बेटी आलिया के पॉडकास्ट यंग, डंब एंड एंक्सियस पर अनुराग कश्यप ने बेटी की शादी के बजट पर बात की। उन्होंने कहा आलिया की शादी ठीक से हो और उसे किसी भी चीज की कमी ना हो इसके लिए उन्होंने अभी से मेहनत करना शुरू कर दिया है। अनुराग का कहना है कि आलिया की शादी का बजट उनकी लो बजट फिल्मों के बराबर है। शादी में होने वाले खर्चे का बिल समय-समय पर भरा जाता रहे, इसके लिए उन्हें लगातार काम करते रहना होगा। पिता की ऐसी बातें सुनकर आलिया हंसने लगती हैं।

### खुद को टेरिबल पिता बताया

अनुराग ने बेटी से बात करते हुए अपने आपको टेरिबल पिता बताया। उन्होंने कहा- मुझे लगता है मैं तुम्हारे लिए एक पिता की तुलना में दोस्त ज्यादा बेहतर रहा हूं। मैं ये बात जानता हूं कि तुम्हें इन सबके बीच पिता की कमी बहुत खली होगी। लेकिन तुम्हारी मां ने अपना पूरा फर्ज निभाया है। पिता की बातें सुनकर आलिया इमोशनल हो गईं। आलिया ने कहा- आप हमेशा मेरे बहुत अच्छे दोस्त बनकर रहे हैं। इससे यह साफ पता चलता है कि आप कितने बेहतर इंसान हैं।

### पिछले साल हुई थी आलिया की सगाई

पिछले साल आलिया कश्यप ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड शेन ग्रेगोइर से सगाई की थी। आलिया कश्यप फिल्ममेकर अनुराग कश्यप और उनकी पहली पत्नी आरती बजाज की बेटी हैं। आलिया पेशे से यूट्यूबर हैं। आलिया और उनके बॉयफ्रेंड शेन ग्रेगोइर लंबे समय से डेट कर रहे थे। शेन ने इंडोनेशिया के बाली में आलिया को प्रपोज किया था। उन्होंने अपने यूट्यूब वीडियो में बताया कि शेन ने चुपके से उन्हें प्रपोज करते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लिया था। शेन का ऐसा करना आलिया को काफी रोमांटिक लगा। आरती और अनुराग की शादी 2003 में हुई थी और 2009 में दोनों ने तलाक ले लिया था।

- साभार एजेंसी